# डेली करेंट क्विज़

(संग्रह)



## सितम्बर भाग-1
## 2020

दृष्टि, 641, प्रथम तल, डॉ. मुखर्जी नगर, दिल्ली-110009
फोन: 8750187501
ई-मेल: online@groupdrishti.com

## प्रश्न Part -1

1. 'राष्ट्रीय अल्पसंख्यक शिक्षा संस्थान आयोग' (NCMEI) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

    1. इसकी स्थापना 'राष्ट्रीय अल्पसंख्यक शैक्षणिक संस्थान आयोग अधिनियम'- 2004 के तहत की गई थी।
    2. यह आयोग एक अर्द्ध-न्यायिक निकाय है, जिसे 'नागरिक न्यायालय' (Civil Court) की शक्तियाँ प्राप्त हैं।
    3. इस आयोग में एक अध्यक्ष और तीन सदस्य होते हैं।

    उपरोक्त कथनों में से कौन-सा सही है?

    a. केवल 1 और 2
    b. केवल 2 और 3
    c. केवल 1 और 3
    d. 1, 2 और 3

2. हाल ही में समाचारों में रहा 'अफ्रीकन बाओबाब' है:

    a. वृक्ष की एक प्रजाति
    b. हाथी की एक प्रजाति
    c. गैंडे की एक प्रजाति
    d. सांप की एक प्रजाति

3. दीर्घावधि रेपो परिचालन (LTRO) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

    1. LTRO एक ऐसा उपकरण है जिसके तहत RBI, बैंकों को एक से तीन वर्ष की अवधि के लिये ऋण प्रदान करता है।
    2. LTRO के माध्यम से ऋण, रेपो रेट से अधिक दर पर प्रदान किया जाता है।

    उपरोक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

    a. केवल 1
    b. केवल 2
    c. 1 और 2 दोनों
    d. न तो 1 और न 2

4. हाल ही में समाचारों में रहा 'मेलस चस्मा' (Melas Chasma) है:

    a. दक्षिण अमेरिका की एक घाटी
    b. अंटार्कटिका की एक घाटी
    c. मंगल ग्रह पर अवस्थित एक घाटी
    d. चंद्रमा पर अवस्थित एक घाटी

5. पश्चिम एशिया में भूमध्य सागर के पूर्वी तट पर स्थित इस देश की जनसंख्या लगभग 68.5 लाख है। इस देश के उत्तर और पूर्व में सीरिया तथा दक्षिण में इज़राइल अवस्थित है। यहाँ की धार्मिक और जातीय विविधता इसकी अनूठी सांस्कृतिक पहचान बनाती है। प्रथम विश्वयुद्ध के बाद यह फ्राँस का उपनिवेश बना और वर्ष 1943 में फ्राँस से स्वतंत्रता प्राप्त करने के बाद यह लंबे समय तक गृहयुद्ध से भी जूझता रहा है।

    उपर्युक्त गद्यांश ने निम्नलिखित में से किस देश को संदर्भित किया गया है?

    a. लेबनान
    b. फिलिस्तीन
    c. सऊदी अरब
    d. जॉर्डन

नोट :

6. 'स्पेशल फ्रंटियर फोर्स' (SFF) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. इसका गठन वर्ष 1962 में भारत-चीन युद्ध के तुरंत बाद किया गया था।
   2. इसका नेतृत्त्व एक महानिरीक्षक (Inspector General) करता है जो मेजर जनरल रैंक का एक सेना अधिकारी होता है।
   3. इसमें शामिल इकाइयाँ 'विकास बटालियन' (Vikas Battalion) के नाम से जानी जाती हैं।

   उपरोक्त कथनों में से कौन-सा सही है?
   a. केवल 1 और 2
   b. केवल 2 और 3
   c. केवल 1 और 3
   d. 1, 2 और 3
7. 'नागरिक एवं राजनीतिक अधिकारों पर अंतर्राष्ट्रीय नियम' (ICCPR) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. इन नियमों के कार्यान्वयन की निगरानी संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार समिति (UNHRC) करती है।
   2. यह नागरिक एवं राजनीतिक अधिकारों की सुरक्षा प्रदान करने वाली एक प्रमुख अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार संधि है।
   3. भारत ने अभी तक इस संधि पर हस्ताक्षर नहीं किया है।

   उपरोक्त कथनों में से कौन-सा सही है?
   a. केवल 1 और 2
   b. केवल 2 और 3
   c. केवल 1 और 3
   d. 1, 2 और 3
8. न्यायविदों का अंतर्राष्ट्रीय आयोग (ICJ) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. यह अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकारों के लिये कार्य करने वाला एक गैर-सरकारी संगठन है।
   2. यह 60 प्रख्यात न्यायविदों का एक समूह है जिसमें वरिष्ठ न्यायाधीश, वकील एवं शिक्षाविद् शामिल हैं जो कानून के माध्यम से राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार मानकों को विकसित करने के लिये कार्य करते हैं।

   उपरोक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
   a. केवल 1
   b. केवल 2
   c. 1 और 2 दोनों
   d. न तो 1 और न ही 2
9. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये:

| | सूचकांक | | संकलनकर्त्ता संस्थान |
|---|---|---|---|
| 1. | औद्योगिक उत्पादन सूचकांक | : | राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय |
| 2. | क्रय प्रबंधक सूचकांक | : | भारतीय रिज़र्व बैंक |
| 3. | उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (संयुक्त) | : | श्रम ब्यूरो |

   उपर्युक्त युग्मों में से कौन-सा/से सही सुमेलित है/हैं?
   a. केवल 1
   b. केवल 3
   c. केवल 1 और 3
   d. केवल 2

नोट :

10. हाल ही में घोषित 'मिशन कर्मयोगी' निम्नलिखित में से किस विषय से संबंधित है:
   a. कार्य संस्कृति को बढ़ावा देने से
   b. टैक्स संग्रहण से
   c. स्वास्थ्यकर्मियों को प्रशिक्षित करने से
   d. सिविल सेवा में व्यापक सुधार से

11. 'दूरसंचार विवाद समाधान एवं अपील प्राधिकरण' (TDSAT) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. इसकी स्थापना वर्ष 1997 में की गई थी।
   2. इसके सदस्यों की नियुक्ति सर्वोच्च न्यायालय द्वारा की जाती है।
   3. इसके अधिकार क्षेत्र में दूरसंचार, प्रसारण, सूचना प्रौद्योगिकी एवं एयरपोर्ट टैरिफ से जुड़े मामलों आते हैं।

   उपरोक्त कथनों में से कौन से सही **नहीं** हैं?
   a. केवल 1 और 2
   b. केवल 2 और 3
   c. केवल 1 और 3
   d. 1, 2 और 3

12. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये:

| | घास के मैदान | | क्षेत्र |
|---|---|---|---|
| 1. | पुस्ताज़ (Pustaz) | : | उत्तरी अमेरिका |
| 2. | डाउन्स (Dawns) | : | आस्ट्रेलिया |
| 3. | वेल्ड्स (Velds) | : | साउथ अफ्रीका |

   उपर्युक्त युग्मों में से कौन-सा/से सही सुमेलित है/हैं?
   a. केवल 1
   b. केवल 2 और 3
   c. केवल 1 और 3
   d. केवल 2

13. इलेक्ट्रॉनिक वैक्सीन इंटेलिजेंस नेटवर्क (eVIN) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. यह एक नवीन तकनीकी समाधान है जिसका उद्देश्य देश भर में टीकाकरण आपूर्ति शृंखला प्रणालियों को मज़बूत करना है।
   2. इसका कार्यान्वयन केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (NHM) के तहत किया जा रहा है।

   उपरोक्त कथनों में से कौन सा/से सही **नहीं** है/हैं?
   a. केवल 1
   b. केवल 2
   c. 1 और 2 दोनों
   d. न तो 1 और न ही 2

14. 'अल कायदा प्रतिबंध समिति' (Al Qaida Sanctions Committee) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. इस समिति की स्थापना संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्ताव-2001 के आधार पर की गई थी।
   2. इस समिति में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के स्थायी सदस्यों को शामिल होने की अनुमति प्राप्त है।
   3. यह समिति प्रस्ताव के मानदंडों के अनुरूप प्रतिबंधों के कार्यान्वयन पर UNSC को वार्षिक रिपोर्ट देती है।

   उपरोक्त कथनों में से कौन से सही **नहीं** हैं?
   a. केवल 1 और 2
   b. केवल 2 और 3
   c. केवल 1 और 3
   d. 1, 2 और 3

**नोट :**

15. भारत द्वारा अन्य देशों के साथ आयोजित किये जाने वाले संयुक्त सैन्य अभ्यासों के संदर्भ में निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये:

| | सैन्य अभ्यास | संबंधित देश |
|---|---|---|
| 1. | मालाबार | भारत-रूस |
| 2. | इंद्र-2020 | भारत-जापान-अमेरिका |
| 3. | स्लिनेक्स (SLINEX) | भारत-श्रीलंका |

उपरोक्त युग्मों में से कौन से युग्म सुमेलित **नहीं** हैं?

a. केवल 1 और 2
b. केवल 2 और 3
c. केवल 1 और 3
d. 1, 2 और 3

16. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. अटलांटिक हरिकेन मौसम (Atlantic Hurricane Season) की अवधि 1 जून से 30 नवंबर के मध्य होती है जबकि पूर्वी प्रशांत तट पर हरिकेन मौसम की अवधि 15 मई से 30 नवंबर के मध्य होती है।
2. हरिकेन को सैफिर-सिंपसन विंड स्केल (Saffir-Simpson Hurricane Wind Scale) के आधार पर वर्गीकृत किया जाता है।

उपरोक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1
b. केवल 2
c. 1 और 2 दोनों
d. न तो 1 और न ही 2

17. हाल ही में समाचारों में रहा 'नोविचोक' (Novichok) है:

a. मरुस्थलीय वृक्ष की एक प्रजाति
b. विषैला नर्व एजेंट
c. एक नई आकाशगंगा
d. एक प्रकार का जनजातीय खेल

18. फालोक्रिप्टिस फहीमी (Phallocryptus Fahimii) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह जीनस फालोक्रिप्टस (Phallocryptus) से संबंधित क्रस्टेशिया (Crustacea) की नई प्रजाति है।
2. इसे अफ्रीका के सहारा रेगिस्तान से खोजा गया है।

उपरोक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1
b. केवल 2
c. 1 और 2 दोनों
d. न तो 1 और न ही 2

19. दश्त-ए-लुट (Dasht-e-Lut) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह दुनिया का 25वाँ सबसे बड़ा रेगिस्तान है और ईरान का सबसे बड़ा रेगिस्तान है।
2. इसे 17 जुलाई, 2016 को यूनेस्को (UNESCO) की विश्व विरासत सूची में शामिल किया गया था।
3. यह 'एफ्रो-एशियन बेल्ट ऑफ डेज़र्ट' का एक हिस्सा है जो पश्चिम अफ्रीका के केप वर्डे द्वीपों से लेकर मंगोलिया तक फैली हुई है।

उपरोक्त कथनों में से कौन से सही हैं?

a. केवल 1 और 2
b. केवल 2 और 3
c. केवल 1 और 3
d. 1, 2 और 3

नोट :

20. 'G-20 समूह' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. G-20 समूह की स्थापना वर्ष 1999 में की गई थी।
2. G-20 का मुख्यालय न्यूयॉर्क (अमेरिका) में स्थित है।
3. इस समूह के अध्यक्ष के रूप में सऊदी अरब का कार्यकाल 1 जनवरी, 2019 को शुरू हुआ था।

उपरोक्त कथनों में से कौन से सही **नहीं** हैं?

a. केवल 1 और 2
b. केवल 2 और 3
c. केवल 1 और 3
d. 1, 2 और 3

21. 'साइप्रस' (Cyprus) देश के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह काला सागर (Black Sea) में अवस्थित एक द्वीपीय देश है।
2. वर्ष 1974 में तुर्की के आक्रमण के बाद से यह देश दो हिस्सों में विभाजित है।
3. साइप्रस के तुर्क बाहुल्य उत्तरी भाग की सरकार को संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा वर्ष 1991 में आधिकारिक मान्यता दी गई थी।

उपरोक्त कथनों में से कौन-से सही **नहीं** हैं?

a. केवल 1 और 2
b. केवल 2 और 3
c. केवल 1 और 3
d. 1, 2 और 3

22. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. वैश्विक नवाचार सूचकांक-2020 में भारत को 48वाँ स्थान प्राप्त हुआ है।
2. वैश्विक नवाचार सूचकांक केवल विश्व बौद्धिक संपदा संगठन (WIPO) द्वारा जारी किया जाता है।
3. इस सूचकांक के 'अपर मिडिल इनकम' समूह में भारत को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ है।

उपरोक्त कथनों में से कौन-से सही **नहीं** हैं?

a. केवल 1 और 2
b. केवल 2 और 3
c. केवल 1 और 3
d. 1, 2 और 3

23. भारत सरकार के खनन मंत्रालय (Ministry of Mines) के तहत कार्य करने वाला यह संगठन भारत सरकार का एक प्रमुख भू-वैज्ञानिक संगठन है, जिसका मुख्य कार्य राष्ट्रीय भू-वैज्ञानिक संबंधी सूचना जारी करना तथा उसका अघतन करना और खनिज संसाधनों का मूल्यांकन करना है। हाल ही में इस संगठन ने फिनलैंड के एक सार्वजानिक संगठन के साथ भू-विज्ञान और खनिज संसाधनों के क्षेत्र में सहयोग के लिये समझौता किया है।

उपर्युक्त गद्यांश में निम्नलिखित में से किस संगठन को संदर्भित किया गया है?

a. लोक उद्यम विभाग
b. भू-संसाधन विभाग
c. परमाणु ऊर्जा विभाग
d. भारतीय भू-वैज्ञानिक सर्वेक्षण

नोट :

24. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
 1. भारतीय उपमहाद्वीप की गंगा डॉल्फिन केवल उत्तरप्रदेश और असम में पाई जाती हैं।
 2. गंगा डॉल्फिन को भारतीय वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 की प्रथम अनुसूची में शामिल किया गया है।
 3. झींगा मछली को सरकार ने भारत का राष्ट्रीय जलीय जीव घोषित किया है।

 उपरोक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
 a. केवल 1
 b. केवल 2 और 3
 c. केवल 2
 d. 1, 2 और 3

25. संसदीय समितियों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
 1. वर्तमान में राज्य सभा के अंतर्गत कुल 16 विभागीय समितियाँ हैं।
 2. विभागीय समितियों के सदस्यों का मनोनयन राष्ट्रपति द्वारा किया जाता है।
 3. तदर्थ समिति (Ad Hoc Committee) को उनके उद्देश्य की पूर्ति के बाद समाप्त कर दिया जाता है।

 उपरोक्त कथनों में से कौन से सही **नहीं** हैं?
 a. केवल 1 और 2
 b. केवल 2 और 3
 c. केवल 1 और 3
 d. 1, 2 और 3

26. 'स्टार्ट-अप विलेज एंटरप्रेन्योरशिप प्रोग्राम' (SVEP) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
 1. इस कार्यक्रम की शुरुआत दीनदयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्री य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत वर्ष 2016 में एक उप-योजना के रूप में की गई थी।
 2. इस कार्यक्रम का मुख्य लक्ष्य ग्रामीण क्षेत्रों में उद्यमों का प्रसार करना और ग्रामीण उद्यमियों को तैयार करना है।
 3. इसका कार्यान्वयन केंद्रीय सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग मंत्रालय द्वारा किया जा रहा है।

 उपरोक्त कथनों में से कौन-सा/से सही **नहीं** है/हैं?
 a. केवल 1 और 2
 b. केवल 3
 c. केवल 1 और 3
 d. 1, 2 और 3

27. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
 1. व्यापार सुधार कार्य योजना (BRAP) के आधार पर राज्यों की रैंकिंग तय करने का कार्य वर्ष 2015 में शुरू किया गया था।
 2. व्यापार सुधार कार्य योजना (BRAP) के तहत कारोबारी सुगमता के आधार पर राज्यों की रैंकिंग तय करने के लिये अब तक कुल पाँच संस्करण जारी किये जा चुके हैं।
 3. व्यापार सुधार कार्य योजना (BRAP) के तहत कारोबारी सुगमता के संदर्भ में आंध्रप्रदेश पिछले दो वर्षों से लगातार शीर्ष पर कायम है।

 उपरोक्त कथनों में से कौन-से सही हैं?
 a. केवल 1 और 2
 b. केवल 2 और 3
 c. केवल 1 और 3
 d. 1, 2 और 3

नोट :

28. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. बेलीज़ (Belize) एक द्वीपीय देश है जो दक्षिण अमेरिका के उत्तर-पूर्वी तट पर अवस्थित है।
2. बेलीज़ बैरियर रीफ, कोरल रीफ की एक शृंखला है जो 'मेसोअमेरिकन बैरियर रीफ सिस्टम' का एक भाग है।
3. बेलीज़ बैरियर रीफ को वर्ष 1996 में यूनेस्को (UNESCO) द्वारा विश्व धरोहर स्थल घोषित किया गया था।

उपरोक्त कथनों में से कौन-से सही हैं?

a. केवल 1 और 2
b. केवल 2 और 3
c. केवल 1 और 3
d. 1, 2 और 3

29. 'प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र को ऋण' (Priority Sector Lending) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. शिक्षा, कृषि और नवीकरणीय ऊर्जा को PSL की सूची में शामिल किया गया है।
2. भारतीय रिज़र्व बैंक के प्रावधानों के अनुसार, सभी व्यावसायिक बैंकों के लिये अपने कुल 'समायोजित निवल बैंक ऋण' का 35% PSL के लिये निर्धारित करना अनिवार्य है।

उपरोक्त कथनों में कौन सा/से सही **नहीं** है/हैं?

a. केवल 1
b. केवल 2
c. केवल 1 और 2
d. न तो 1 और न ही 2

30. विदेशी अंशदान (विनियमन) अधिनियम (FCRA) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. गैर-सरकारी संस्थाओं को विदेशी अंशदान प्राप्त करने के लिये FCRA के तहत केंद्रीय वित्त मंत्रालय में पंजीकरण कराना अनिवार्य है।
2. FCRA के तहत विदेशी अंशदान प्राप्त करने हेतु गैर-सरकारी संस्थाओं को प्राप्त लाइसेंस 5 वर्षों के लिये वैध होता है।
3. किसी भी NGO को FCRA के तहत बिना पंजीकरण 20,000 रुपए तक का विदेशी अनुदान प्राप्त करने की अनुमति दी गई है।

उपरोक्त कथनों में से कौन से सही **नहीं** हैं?

a. केवल 1 और 2
b. केवल 2 और 3
c. केवल 1 और 3
d. 1, 2 और 3

31. भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के संबंध में 'वैगन ट्रैजडी' घटना किस आंदोलन/विद्रोह से संबंधित है?

a. मोपला विद्रोह
b. संथाल विद्रोह
c. मुंडा विद्रोह
d. नील विद्रोह

32. भारतीय संविधान की 'मूल संरचना' का सिद्धांत निम्नलिखित में से किस मामले में स्थापित किया गया?

a. मिनर्वा मिल्स बनाम भारत संघ
b. गोलकनाथ बनाम पंजाब सरकार वाद
c. इंदिरा साहनी बनाम भारत सरकार
d. केशवानंद भारती बनाम केरल राज्य

नोट :

33. 'नॉर्ड स्ट्रीम 2' (Nord Stream 2) निम्नलिखित दो देशों में से किसके बीच एक गैस पाइपलाइन परियोजना है?
   a. रूस और फ्राँस
   b. रूस और जर्मनी
   c. जर्मनी और स्वीडन
   d. स्वीडन और पोलैंड

34. 'डोंगरिया कोंध जनजाति' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. यह जनजाति ओडिशा के रायगढ़ एवं कालाहांडी ज़िलों में निवास करती है।
   2. भारत सरकार द्वारा इस जनजाति को एक विशेष रूप से कमज़ोर आदिवासी समूह (PVGTs) के रूप में वर्गीकृत किया गया है।
   3. यह जनजाति कृषि या इससे संबंधित कार्यों को पूरा करने के लिये श्रम सहकारी समितियों (Labour Cooperatives) की अवधारणा का पालन करती है।

   उपरोक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
   a. केवल 1 और 2
   b. केवल 3
   c. केवल 1 और 3
   d. 1, 2 और 3

35. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस की घोषणा पहली बार वर्ष 1966 में यूनेस्को (UNESCO) की आम सभा में की गई थी।
   2. वर्ष 2017-18 के लिये राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय द्वारा जारी राज्यवार साक्षरता दर में केरल व आंध्रप्रदेश क्रमशः पहले एवं दूसरे स्थान पर हैं।

   उपरोक्त कथनों में से कौन-सा/से सही **नहीं** है/हैं?
   a. केवल 1
   b. केवल 2
   c. 1 और 2 दोनों
   d. न तो 1 और न ही 2

36. 'योनोमामी जनजाति' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. यह जनजाति ब्राज़ील एवं वेनेज़ुएला के वर्षावनों व पहाड़ों में निवास करती है।
   2. ये बड़े, गोलाकार घरों में रहते हैं जिन्हें यानोस (Yanos) या शाबोनोस (Shabonos) कहा जाता है।
   3. योनोमामी लोग अपने समुदाय के किसी एक व्यक्ति को प्रमुख बनाकर समुदाय से संबंधित सभी निर्णय लेते हैं।

   उपरोक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
   a. केवल 1 और 2
   b. केवल 3
   c. केवल 1 और 3
   d. 1, 2 और 3

37. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये:

| | चित्रकला | | क्षेत्र |
|---|---|---|---|
| 1. | रोगन आर्ट | : | हिमाचल प्रदेश |
| 2. | वारली चित्रकला | : | महाराष्ट्र |
| 3. | कलमकारी चित्रकला | : | आंध्रप्रदेश |

   उपर्युक्त युग्मों में से कौन-सा/से सही सुमेलित है/हैं?
   a. केवल 1
   b. केवल 2 और 3
   c. केवल 1 और 3
   d. केवल 2

नोट :

38. 'हाइपरसोनिक टेक्नोलॉजी डिमॉन्स्ट्रेटर व्हीकल' (HSTDV) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
    1. यह एक मानव रहित स्क्रैमजेट प्रमाणित विमान है जो हाइपरसोनिक गति से यात्रा कर सकता है।
    2. यह विमान ध्वनि की गति से 6 गुना अर्थात् मैक-6 के वेग से अपने इच्छित उड़ान पथ पर यात्रा कर सकता है।
    3. भारत इस तकनीक को विकसित करने वाला दुनिया का दूसरा देश है।

    उपरोक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

    a. केवल 1 और 2
    b. केवल 3
    c. केवल 1 और 3
    d. 1, 2 और 3
39. 'क्षोभमंडलीय ओज़ोन' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
    1. इसे 'गुड ओज़ोन' (Good Ozone) के नाम से भी जाना जाता है।
    2. इसका निर्माण नाइट्रोजन ऑक्साइड (NOx) तथा वाष्पशील कार्बनिक यौगिकों (VOC) के बीच रासायनिक अभिक्रिया के कारण होता है।
    3. यह पेड़-पौधों के लिये लाभदायक किंतु मनुष्यों के लिये लाभदायक नहीं है।

    उपरोक्त कथनों में से कौन से सही **नहीं** हैं?

    a. केवल 1 और 2
    b. केवल 2 और 3
    c. केवल 1 और 3
    d. 1, 2 और 3
40. हाल ही में समाचारों में रहा 'रियल मैंगो' या 'रेअर मैंगो' है:
    a. रैनसमवेयर
    b. एक अवैध सॉफ्टवेयर
    c. आम की एक प्रजाति
    d. दुर्लभ मृदा खनिज
41. श्वेत उल्लू (Barn Owl) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
    1. उल्लुओं की यह प्रजाति केवल भारतीय उपमहाद्वीप में पाई जाती है।
    2. इसे IUCN की रेड लिस्ट में 'कम चिंताजनक' श्रेणी में सूचीबद्ध किया गया है।
    3. इसे भारतीय वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972 की अनुसूची IV के तहत सूचीबद्ध किया गया है।

    उपरोक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

    a. केवल 1 और 2
    b. केवल 3
    c. केवल 2 और 3
    d. 1, 2 और 3
42. हाल ही में समाचारों में रहा 'फ्लाइंग वी' (Flying V) है:
    a. एक विमान
    b. एक मिसाइल
    c. एक ड्रोन
    d. उपर्युक्त में से कोई नहीं

नोट :

43. भारत में 'वैश्विक बहुआयामी गरीबी सूचकांक' की निगरानी कौन-सा/सी नोडल मंत्रालय/एजेंसी करती है?
   a. नीति आयोग
   b. नाबार्ड
   c. केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय
   d. उपर्युक्त में से कोई नहीं

44. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. विश्व भर में पहली बार 'इंटरनेशनल डे ऑफ क्लीन एयर फॉर ब्लून स्का ाई' का आयोजन वर्ष 2019 में किया गया था।
   2. 'इंटरनेशनल डे ऑफ क्लीगन एयर फॉर ब्लूव स्काकई' प्रभावी वायु गुणवत्ता प्रबंधन के लिये एक वैश्विक पहल है।

   उपरोक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
   a. केवल 1
   b. केवल 2
   c. 1 और 2 दोनों
   d. न तो 1 और न ही 2

45. 'ईज़ सूचकांक (EASE Index)' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. यह सूचकांक बैंक बोर्ड व्यूरो द्वारा तैयार किया जाता है।
   2. ईज़ सुधारों (EASE Reforms) की शुरुआत वर्ष 2015 में की गई थी।
   3. ईज़ 2.0 में 6 विषयों (ज़िम्मेदार बैंकिंग, ग्राहक जवाबदेही, उद्यममित्र के रूप में पीएसबी, गहन वित्तीय समावेशन, ऋण वितरण प्रशासन एवं एचआर) को शामिल किया गया है।

   उपरोक्त कथनों में से कौन-से सही **नहीं** हैं?
   a. केवल 1 और 2
   b. केवल 2 और 3
   c. केवल 1 और 3
   d. 1, 2 और 3

46. हाल ही में चर्चा में रहा 'ब्रैडीकिनिन स्टॉर्म' किस क्षेत्र/विषय से संबंधित है?
   a. यह आस्ट्रेलिया के जंगलों में लगी आग के कारण बना एक तूफान है।
   b. यह COVID-19 संक्रमण से संबंधित है।
   c. यह प्रशांत महासागर में आने वाला एक चक्रवाती तूफान है।
   d. यह खगोल विज्ञान से संबंधित एक अवधारण है।

47. हाल ही में समाचारों में रहा 'वैभव प्रोटानिल्ला' है:
   a. चींटी की एक प्रजाति
   b. छिपकली की एक प्रजाति
   c. कॉकरोच की एक प्रजाति
   d. तितली की एक प्रजाति

48. निम्नलिखित में से कौन-सा/से अभयारण्य भारत के गोवा राज्य में अवस्थित है/हैं?
   1. नेत्रावली वन्यजीव अभयारण्य
   2. कोटिगाओ वन्यजीव अभयारण्य
   3. भगवान महावीर वन्यजीव अभयारण्य

   नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:
   a. केवल 1
   b. केवल 2
   c. केवल 1 और 3
   d. 1, 2 और 3

नोट :

49. सरोद-पोर्ट्स (SAROD Ports) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. केंद्रीय पोत परिवहन मंत्रालय के तहत इसकी स्थापना सोसाइटी पंजीकरण अधिनियम, 1860 के तहत की गई है।
2. इसमें 'इंडियन पोर्ट्स एसोसिएशन' (IPA) और 'इंडियन प्राइवेट पोर्ट्स एंड टर्मिनल्स एसोसिएशन' (IPTTA) के सदस्य शामिल हैं।

उपरोक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1
b. केवल 2
c. 1 और 2 दोनों
d. न तो 1 और न ही 2

50. निम्नलिखित में से भारत ने किस/किन देश/देशों के साथ लॉजिस्टिक्स समझौतों पर हस्ताक्षर किये हैं?

1. संयुक्त राज्य अमेरिका
2. आस्ट्रेलिया
3. जापान

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

a. केवल 1
b. केवल 1 और 2
c. केवल 1 और 3
d. 1, 2 और 3

51. हाल ही में समाचारों में रहा 'स्नेमास्पिस पलक्कडेंसिस' है:

a. चींटी की एक प्रजाति
b. छिपकली की एक प्रजाति
c. कॉकरोच की एक प्रजाति
d. तितली की एक प्रजाति

52. विदेशी एजेंट्स पंजीकरण अधिनियम (FARA) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. वर्ष 1938 में इस अधिनियम को संयुक्त राज्य अमेरिका में फासीवाद के प्रसार को रोकने के लिये लागू किया गया था।
2. इस अधिनियम का उद्देश्य संयुक्त राज्य अमेरिका में विदेशी प्रभाव तथा राष्ट्रीय सुरक्षा हेतु खतरों की पहचान करना है।

उपरोक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1
b. केवल 2
c. 1 और 2 दोनों
d. न तो 1 और न ही 2

53. एम-सेसेशन (mCessation) कार्यक्रम के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह केंद्रीय वित्त मंत्रालय द्वारा शुरू की गई एक मोबाइल बैंकिंग सेवा है।
2. इस कार्यक्रम की शुरुआत केंद्र सरकार की डिजिटल इंडिया पहल के तहत की गई थी।

उपरोक्त कथनों में से कौन सा/से सही **नहीं** है/हैं?

a. केवल 1
b. केवल 2
c. केवल 1 और 2
d. न तो 1 और न ही 2

नोट :

54. वन सलाहकार समिति (FAC) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह एक संवैधानिक निकाय है।
2. यह केंद्रीय खान मंत्रालय के तहत कार्य करती है।
3. इसकी अध्यक्षता केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के वन महानिदेशक द्वारा की जाती है।

उपरोक्त कथनों में से कौन-से सही **नहीं** हैं?

a. केवल 1 और 2
b. केवल 2 और 3
c. केवल 1 और 3
d. 1, 2 और 3

55. अंतरिक्ष में ब्लैक होल में ऐसा बिंदु जहाँ ब्लैक होल का संपूर्ण द्रव्यमान एकत्रित हो जाने से गुरुत्वाकर्षण बल बहुत अधिक हो जाता है, कहलाता है:

a. इवेंट होराइज़न
b. X-किरणों से मुक्त ज़ोन
c. सिंगुलैरिटी
d. उपर्युक्त में से कोई नहीं

56. हाल ही में समाचारों में रहा 'सिंगापुर कन्वेंशन ऑन मिडिएशन' संबंधित है:

a. जैव प्रौद्योगिकी के विकास से
b. ईज़ ऑफ डूइंग बिजनेस से
c. वैश्विक आतंकवाद से
d. उपर्युक्त में से कोई नहीं

57. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसका निर्माण महासागरों में उच्च दबाव एवं कम तापमान पर हाइड्रोजन-बांडेड जल एवं मीथेन गैस के एक-दूसरे के संपर्क में आने से होता है।
2. $CO_2$ हाइड्रेट एक बर्फ जैसा क्रिस्टलीय पदार्थ है जो ठोस जल और कार्बन डाई ऑक्साइड के मिलने से बनता है।

उपरोक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1
b. केवल 2
c. केवल 1 और 2
d. न तो 1 और न ही 2

58. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. राष्ट्रभाषा प्रचार समिति, वर्धा के आग्रह पर वर्ष 1953 से पूरे भारत में 14 सितंबर को हिंदी दिवस मनाया जाता है।
2. 26 जनवरी, 1950 को भारतीय संविधान द्वारा अनुच्छेद-343 के तहत देवनागरी लिपि में लिखी गई हिंदी को राजभाषा के रूप में मान्यता दी गई]

उपरोक्त कथनों में से कौन-सा/से सही **नहीं** है/हैं?

a. केवल 1
b. केवल 2
c. केवल 1 और 2
d. न तो 1 और न ही 2

नोट :

59. मालदीव (Maldives) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह हिंद महासागर में अवस्थित है।
2. यह चीन द्वारा शुरू की गई 'बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव परियोजना' का हिस्सा नहीं है।
3. यह वर्ष 2004 में नेपाल के साथ बिम्सटेक (BIMSTEC) समूह में शामिल हुआ था।

उपरोक्त कथनों में से कौन-से सही **नहीं** हैं?

a. केवल 1 और 2
b. केवल 2 और 3
c. केवल 1 और 3
d. 1, 2 और 3

60. केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (CISF) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसका गठन वर्ष 1969में किया गया था।
2. इसके पास बिना किसी मजिस्ट्रेट के आदेश या वारंट के किसी व्यक्ति को गिरफ्तार करने का अधिकार नहीं है।
3. उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा CISF की क्षेत्रीय इकाई के रूप में 'उत्तर प्रदेश विशेष सुरक्षा बल' (UPSSF) का गठन किया गया है।

उपरोक्त कथनों में से कौन-से सही **नहीं** हैं?

a. केवल 1 और 2
b. केवल 2 और 3
c. केवल 1 और 3
d. 1, 2 और 3

61. 'मेकेदातु परियोजना' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इस परियोजना का निर्माण कर्नाटक में कावेरी नदी पर किया जाएगा।
2. यह एक गुरुत्व बांध है जिसके द्वारा पेयजल की आपूर्ति बंगलुरु शहर को भी की जाएगी।
3. यह परियोजना कर्नाटक और तमिलनाडु के बीच विवाद का एक प्रमुख कारण है।

उपरोक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1
b. केवल 2 और 3
c. केवल 1 और 2
d. 1, 2 और 3

62. हाल ही में समाचारों में रहा 'क्रिस्पर-कैस 9' (CRISPR-Cas9) संबंधित है:

a. साइबर सुरक्षा से
b. डेटा विश्लेषण से
c. जीन-एडिटिंग से
d. उपर्युक्त में से कोई नहीं

63. 'अनुपूरक अनुदान' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह सरकार के आवश्यक व्यय हेतु संसद द्वारा अधिकृत अनुदान की कमी की स्थिति में प्रदान किया जाता है।
2. अनुपूरक अनुदान को अतिरिक्त अनुदान (Additional Grants) के नाम से भी जाना जाता है।
3. भारतीय संविधान के अनुच्छेद-116 के तहत अनुपूरक अनुदान का निर्धारण किया गया है।

उपरोक्त कथनों में से कौन-से सही **नहीं** हैं?

a. केवल 1 और 2
b. केवल 2 और 3
c. केवल 1 और 3
d. 1, 2 और 3

**नोट :**

64. 'शंघाई फाइव' (Shanghai Five) समूह के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इस समूह का गठन वर्ष 1996 में किया गया था।
2. चीन, थाईलैंड, रूस, किर्गिस्तान और तजाकिस्तान इसके संस्थापक सदस्य थे।
3. वर्ष 2002 में इस समूह के विस्तार के माध्यम से 'शंघाई सहयोग संगठन' की स्थापना की गई थी।

उपरोक्त कथनों में से कौन-से सही **नहीं** हैं?

a. केवल 1 और 2
b. केवल 2 और 3
c. केवल 1 और 3
d. 1, 2 और 3

65. उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (CPI) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. उपभोक्ता मूल्य सूचकांक का आधार वर्ष 2010 है।
2. यह सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के अंतर्गत राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (NSO) द्वारा जारी किया जाता है।
3. इसके अंतर्गत ग्रामीण, शहरी एवं संयुक्त तीन सूचकांकों को जारी किया जाता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 2
b. केवल 3
c. केवल 2 और 3
d. 1 , 2 और 3

## व्याख्या

**1. ( d )**

**व्याख्या:**

- राष्ट्रीय अल्पसंख्यक शैक्षणिक संस्थान आयोग (National Commission for Minority Educational Institutions- NCMEI) की स्थापना 'राष्ट्रीय अल्पसंख्यक शैक्षणिक संस्थान आयोग अधिनियम'- 2004 के माध्यम से की गई थी। **अतः कथन 1 सही है।**
- यह आयोग एक अर्द्ध-न्यायिक निकाय है, जिसे 'नागरिक न्यायालय' (Civil Court) की शक्तियाँ प्राप्त हैं। **अतः कथन 2 सही है।**
- भारतीय संविधान के अनुच्छेद- 30 के अनुसार, सभी अल्पसंख्यकों, चाहे वे धर्म या भाषा पर आधारित हों, उन्हें अपनी पसंद के शैक्षणिक संस्थानों की स्थापना और प्रशासन का अधिकार होगा। यह आयोग इस संबंध में अल्पसंख्यकों के अधिकारों के कमी या उल्लंघन के बारे में शिकायतों का निपटान करता है।
- यह आयोग में एक अध्यक्ष (उच्च न्यायालय का न्यायाधीश) और तीन सदस्य होते हैं जिनकी नियुक्ति केंद्र सरकार द्वारा की जाती है। **अतः कथन 3 सही है।**

**2. ( a )**

**व्याख्या:**

- अफ्रीकन बाओबाब [वैज्ञानिक नाम- एडानसोनिया डिजीटाटा (Adansonia Digitata)] को 'ट्री ऑफ लाइफ' (Tree Of Life) भी कहा जाता है।
- बाओबाब वृक्ष एक हज़ार से अधिक वर्षों तक जीवित रह सकता है और यह भोजन, पशुओं के लिये चारा, औषधीय यौगिक एवं कच्चा माल प्रदान करता है।

नोट :

- अफ्रीका में विशेष रूप से सवाना क्षेत्र में जहाँ मौसम शुष्क एवं गंभीर रूप से जलवायु परिवर्तन की स्थिति से प्रभावित होता है वहाँ कई पेड़ों का जीवित रह पाना मुश्किल हो जाता है किंतु इन विपरीत परिस्थितियों के बावजूद बाओबाब वृक्ष वर्ष भर जीवित रहता है और कई जीवों के लिये जीवन ऊर्जा का स्रोत भी होता है।
- इसके बड़े तनों में वर्षा जल को अवशोषित करने एवं संग्रहीत करने की क्षमता होती है और यह सूखे मौसम के दौरान पोषक तत्त्वों से युक्त फलों के साथ-साथ मनुष्यों एवं जानवरों के लिये भोजन, जल एवं आश्रय प्रदान करता है। **अतः विकल्प (a) सही है।**

**3. (a)**

**व्याख्या:**

- दीर्घावधि रेपो परिचालन (Long Term Repo Operation- LTRO), मौद्रिक नीति को क्रियान्वित करने और अर्थव्यवस्था में ऋण के प्रवाह को सुविधाजनक बनाने के लिये एक तंत्र है।
- LTRO एक ऐसा उपकरण है जिसके तहत केंद्रीय बैंक प्रचलित रेपो दर पर बैंकों को एक से तीन वर्ष की अवधि के लिये ऋण प्रदान करता है तथा कोलेट्रल के रूप में सरकारी प्रतिभूतियों को लंबी अवधि के लिये स्वीकार करेगा। **अतः कथन 1 सही है।**
- LTRO के माध्यम से ऋण रेपो रेट पर प्रदान किया जाता है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

**4. (c)**

**व्याख्या:**

- मेलास चस्मा (Melas Chasma) मंगल ग्रह पर अवस्थित एक घाटी है जो वाल्लेस मेरिनेरिस घाटी प्रणाली (Valles Marineris Canyon System) का सबसे बड़ा खंड है।
- मंगल टोही ऑर्बिटर (Mars Reconnaissance Orbiter) पर लगे हाईराइज़ (HiRISE) कैमरा ने मंगल ग्रह पर ड्रैगन जैसी दिखने वाली एक छवि को कैप्चर किया गया था। ड्रैगन जैसा पैटर्न, दक्षिण-पश्चिम मेलस चस्मा (Southwestern Melas Chasma) घाटी में मार्स मियांडर्स (Mars Meanders) से निर्मित परत एवं चट्टान का एक हिस्सा है। **अतः विकल्प (c) सही है।**

**5. (a)**

**व्याख्या:**

- पश्चिम एशिया में भूमध्य सागर के पूर्वी तट पर स्थित लेबनान की जनसंख्या लगभग 68.5 लाख है। लेबनान के उत्तर और पूर्व में सीरिया तथा दक्षिण में इज़राइल स्थित है।
- लेबनान की धार्मिक और जातीय विविधता इसकी अनूठी सांस्कृतिक पहचान बनाती है। प्रथम विश्वयुद्ध के बाद यह फ्राँस का उपनिवेश बना और वर्ष 1943 में फ्राँस से स्वतंत्रता प्राप्त करने के बाद लेबनान लंबे समय तक गृहयुद्ध से भी जूझता रहा है।
- जर्मनी में लेबनान के राजदूत मुस्तफा अदीब (Mustapha Adib) को लेबनान का नया प्रधानमंत्री नामित किया गया है। मुस्तफा अदीब को दो प्रमुख राजनीतिक दलों का समर्थन प्राप्त है, इसमें साद अल-हरीरी (Saad Al-Hariri) का राजनीतिक दल भी शामिल है, जो कि लेबनान का सबसे बड़ा सुन्नी राजनीतिक दल है।**अतः विकल्प (a) सही है।**

**6. (d)**

**व्याख्या:**

- 'स्पेशल फ्रंटियर फोर्स' (Special Frontier Force- SFF) का गठन वर्ष 1962 में भारत-चीन युद्ध के तुरंत बाद किया गया था। यह एक 'कोवर्ट आउटफिट' (Covert Outfit) थी जिसमें तिब्बतियों को भर्ती किया जाता था किंतु अब इसमें तिब्बतियों एवं गोरखाओं दोनों को भर्ती किया जाता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- शुरूआत में इसे 'Establishment 22' के नाम से जाना जाता था। इसका नाम 'Establishment 22' इसलिये रखा गया था क्योंकि इसे मेजर जनरल सुजान सिंह उबान (Major General Sujan Singh Uban) ने प्रस्तावित किया था।
- यह फोर्स कैबिनेट सचिवालय के दायरे में आता है जहाँ इसका नेतृत्त्व एक महानिरीक्षक (Inspector General) करता है जो मेजर जनरल रैंक का एक सेना अधिकारी होता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- SFF में शामिल इकाइयाँ 'विकास बटालियन' (Vikas Battalion) के रूप में जानी जाती हैं। **अतः कथन 3 सही है।**

**नोट :**

7. ( a )

**व्याख्या:**

- 'संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार समिति' (UN Human Rights Committee- UNHRC) स्वतंत्र विशेषज्ञों वाला एक निकाय है जो 'नागरिक और राजनीतिक अधिकारों पर अंतर्राष्ट्री य नियम' (The International Covenant on Civil and Political Rights - ICCPR) के कार्यान्वयन की निगरानी करता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- नागरिक एवं राजनीतिक अधिकारों पर अंतर्राष्ट्रीय नियम (International Covenant on Civil and Political Rights- ICCPR) नागरिक एवं राजनीतिक अधिकारों की सुरक्षा प्रदान करने वाली एक प्रमुख अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार संधि है। **अत: कथन 2 सही है।**
- संयुक्त राष्ट्र महासभा के प्रस्ताव 2200A (XXI) द्वारा इसे 16 दिसंबर, 1966 को हस्ताक्षर, अनुसमर्थन और परिग्रहण के लिये प्रस्तुत किया गया। 23 मार्च, 1976 को यह संधि प्रभावी हुई।
- भारत सहित कुल 173 देशों ने इस संधि के नियमों की अभिपुष्टि की है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**
- नागरिक और राजनीतिक अधिकारों पर अंतर्राष्ट्री य नियम (ICCPR), 'मानव अधिकारों की सार्वभौमिक घोषणा' (Universal Declaration of Human Rights) और 'आर्थिक सामाजिक और सांस्कृतिक अधिकारों पर अंतर्राष्ट्रीय नियम (International Covenant on Economic Social and Cultural Rights) को संयुक्त रूप में 'अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार विधेयक' (International Bill of Human Rights) के रूप में माना जाता है।

8. ( c )

**व्याख्या:**

- न्यायविदों का अंतर्राष्ट्रीय आयोग (International Commission of Jurists- ICJ) अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकारों के लिये कार्य करने वाला एक गैर-सरकारी संगठन है। **अत: कथन 1 सही है।**
- इसका गठन वर्ष 1952 में किया गया था। इस आयोग के गठन का उद्देश्य दुनिया की भौगोलिक विविधता एवं इसकी कई कानूनी प्रणालियों को प्रतिबिंबित करना है।
- यह 60 प्रख्यात न्यायविदों का एक समूह है जिसमें वरिष्ठ न्यायाधीश, वकील एवं शिक्षाविद् शामिल हैं जो कानून के माध्यम से राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार मानकों को विकसित करने के लिये कार्य करते हैं। **अत: कथन 2 सही है।**
- इसका मुख्यालय जेनेवा (स्विटज़रलैंड) में है।

9. ( a )

**व्याख्या:**

- 'औद्योगिक उत्पादन सूचकांक' अर्थव्यवस्था के विभिन्न उद्योग समूहों में एक निश्चित समय अवधि में विकास दर को प्रदर्शित करता है। इसका संकलन तथा प्रकाशन मासिक आधार पर 'राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय', 'सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय' द्वारा किया जाता है। **अत: युग्म 1 सुमेलित है।**
- क्रय प्रबंधक सूचकांक (PMI) को 'आपूर्ति प्रबंधन संस्थान' (Institute for Supply Management- ISM) द्वारा मासिक रूप से संकलित एवं जारी किया जाता है। ISM, विश्व का सबसे पुराना और सबसे बड़ा आपूर्ति प्रबंधन संघ है। **अत: युग्म 2 सुमेलित नहीं है।**
- उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (संयुक्त) को 'सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय' के अंतर्गत 'केंद्रीय सांख्यिकी संगठन' द्वारा संकलित किया जाता है। **अत: युग्म 3 सुमेलित नहीं है।**

10. ( d )

**व्याख्या:**

- हाल ही में प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने जनता को बेहतर सेवा प्रदान करने के उद्देश्य से सरकारी अधिकारियों के लिये एक नए व्यापक सिविल सेवा सुधार कार्यक्रम 'मिशन कर्मयोगी' (Mission Karmayogi) को मंज़ूरी दी है।

नोट :

- उद्देश्य: इस मिशन का उद्देश्य भारत सरकार में व्यक्तिगत, संस्थागत और प्रक्रियागत स्तरों पर क्षमता निर्माण तंत्र में बदलाव करना है।
- लक्ष्य: इस मिशन का लक्ष्य भारतीय सिविल सेवकों को अधिक रचनात्मक, सृजनात्मक, विचारशील, नवाचारी, अधिक क्रियाशील, प्रोफेशनल, प्रगतिशील, ऊर्जावान, सक्षम, पारदर्शी एवं प्रौद्योगिकी-समर्थ बनाते हुए भविष्य के लिये तैयार करना है।
- इस कार्यक्रम को एकीकृत सरकारी ऑनलाइन प्रशिक्षण-आईगॉट कर्मयोगी प्लेटफॉर्म (iGOT Karmayogi Platform) की स्थापना करके कार्यान्वित किया जाएगा। यह प्लेटफॉर्म भारत में दो करोड़ से भी अधिक कर्मचारियों की क्षमताओं को बढ़ाने के लिये व्यापक एवं अत्याधुनिक संरचना सुलभ कराएगा। **अतः विकल्प (d) सही है।**

**11. (a)**

**व्याख्या:**

- दूरसंचार विवाद समाधान एवं अपील प्राधिकरण (Telecom Disputes Settlement and Appellate Tribunal-TDSAT) की स्थापना वर्ष 2000 में भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण अधिनियम, 1997 में संशोधन के माध्यम से की गई थी। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- TDSAT के सदस्यों की नियुक्ति केंद्र सरकार द्वारा की जाती है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- TDSAT के अधिकार क्षेत्र में दूरसंचार, प्रसारण, सूचना प्रौद्योगिकी और एयरपोर्ट टैरिफ से जुड़े मामले आते हैं। यह 'भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण अधिनियम, 1997' (संशोधित), 'सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2008' और 'भारतीय विमानपत्तन आर्थिक नियामक प्राधिकरण अधिनियम, 2008' के तहत अपने अधिकारों का प्रयोग करता है। **अतः कथन 3 सही है।**

**12. (b)**

**व्याख्या:**

- स्टेपी तुल्य जलवायु को समशीतोष्ण महाद्वीपीय जलवायु तथा समशीतोष्ण ग्रासलैंड जलवायु के नाम से भी जाना जाता है। इसका विकास समशीतोष्ण कटिबंधीय क्षेत्रों (मध्य अक्षांश) के पछुवा पवन प्रभाव वाली पेटी में होता है। साथ ही यह दोनों गोलार्द्धों में महाद्वीपों के आंतरिक भागों में विकसित होता है। सामान्यत: वर्षा करने वाली पवनें महाद्वीपों के आंतरिक भागों तक नहीं पहुँच पाती जिससे महाद्वीपीय प्रभाव में इनकी वृद्धि होती है।
- महाद्वीपीय प्रभाव के कारण इन जलवायु प्रदेशों में लंबी एवं छोटी दोनों प्रकार की घास के मैदानों का विकास बहुतायत में हुआ है। साथ ही यहाँ वृक्षों का सामान्यत: अभाव (Treeless) पाया जाता है। इन घास के मैदानों (Temperate Grasslands) को यूरेशिया में स्टेपीज (Steppes) कहा जाता है।
- समशीतोष्ण घास के मैदानों को विभिन्न क्षेत्रों में अलग-अलग नामों से जाना जाता है। जैसे- पुस्ताज़ (हंगरी एवं उसके आस-पास का क्षेत्र), प्रेयरीज़ (उत्तरी अमेरिका), पम्पास (अर्जेंटीना एवं उरुग्वे), वेल्ड्स (साउथ अफ्रीका), डाउन्स (आस्ट्रेलिया), कैन्टरबरी (न्यूजीलैंड)।
- पुस्ताज़ (Pustaz) में चरनोज़म मृदा की उपस्थिति के कारण चुकंदर वृहद् स्तर पर उगाया जाता है। पम्पास में दुग्ध एवं गेहूँ उत्पादन बड़े स्तर पर होता है। **अतः विकल्प (b) सही है।**

**13. (d)**

**व्याख्या:**

- इलेक्ट्रॉनिक वैक्सीन इंटेलिजेंस नेटवर्क (Electronic Vaccine Intelligence Network- eVIN) एक नवीन तकनीकी समाधान है जिसका उद्देश्य देश भर में टीकाकरण आपूर्ति श्रृंखला प्रणालियों को मज़बूत करना है। **अतः कथन 1 सही है।**
- इसका कार्यान्वयन केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (National Health Mission-NHM) के तहत किया जा रहा है। **अतः कथन 2 सही है।**
- eVIN का लक्ष्य देश के सभी कोल्ड चेन पॉइंट्स पर वैक्सीन के भंडार तथा बाज़ार में उपलब्धता एवं भंडारण तापमान पर रियल टाइम जानकारी देना है। **अतः कथन 3 सही है।**
- COVID-19 महामारी के दौरान अपेक्षित अनुकूलन के साथ आवश्यक प्रतिरक्षण सेवाओं की निरंतरता सुनिश्चित करने और बच्चों एवं गर्भवती माताओं के टीकाकरण के लिये इस प्रणाली का उपयोग किया गया है।

**नोट :**

**14. ( a )**

**व्याख्या:**

- संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की 'अल कायदा प्रतिबंध समिति' (Al Qaida Sanctions Committee) को '1267 प्रतिबंध समिति' (1267 sanctions committee) या 'आईएसआईएल (दा'एश)' [ISIL (Da'esh)] के नाम से भी जाना जाता है। इस समिति की स्थापना संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्ताव-1267 (वर्ष 1999) के आधार पर की गई थी। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- इस समिति में UNSC के सभी 15 सदस्य शामिल होते हैं और सर्वसम्मति से अपना निर्णय लेते हैं। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- यह समिति UNSC को प्रस्ताव के मानदंडों के अनुरूप प्रतिबंधों के कार्यान्वयन पर वार्षिक रिपोर्ट देती है। **अतः कथन 3 सही है।**

**15. ( a )**

**व्याख्या:**

- मालाबार नौसैनिक अभ्यास भारत-अमेरिका-जापान की नौसेनाओं के बीच वार्षिक रूप से आयोजित किया जाने वाला एक त्रिपक्षीय सैन्य अभ्यास है। **अतः युग्म 1 सुमेलित नहीं है।**
- इंद्र-2020 (Indra-2020): यह भारत एवं रूस के मध्य एक द्विपक्षीय नौसैनिक अभ्यास है, सितंबर 2020 में दोनों देशों की नौसेनाएँ इस नौसैनिक अभ्यास का आयोजन अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह के पास करेंगी। **अतः युग्म 2 सुमेलित नहीं है।**
- स्लिनेक्स (SLINEX) भारत और श्रीलंका की नौसेना के बीच आयोजित किया जाने वाला द्विपक्षीय नौसैनिक अभ्यास है। **अतः युग्म 3 सुमेलित है।**

**16. ( c )**

**व्याख्या:**

- अटलांटिक हरिकेन मौसम की अवधि 1 जून से 30 नवंबर के मध्य होती है और 'नेशनल ओशनिक एंड एटमास्फियरिक एडमिनिस्ट्रेशन' (National Oceanic and Atmospheric Administration- NOAA) के अनुसार, एक औसत हरिकेन मौसम में लगभग 12 हरिकेन आते हैं जिनमें से तीन प्रमुख हरिकेन के साथ छह सामान्य हरिकेन होते हैं। जबकि पूर्वी प्रशांत तट पर हरिकेन मौसम की अवधि 15 मई से 30 नवंबर के मध्य होती है। **अतः कथन 1 सही है।**
- हरिकेन या उष्णकटिबंधीय चक्रवात (Tropical cyclone) को सैफिर-सिंपसन विंड स्केल (Saffir-Simpson Hurricane Wind Scale) के आधार पर वर्गीकृत किया जाता है। जिसमें हवा की गति के आधार पर 1 से 5 तक की रेटिंग दी जाती है। **अतः कथन 2 सही है।**

**17. ( b )**

**व्याख्या:**

- 'नोविचोक' का अर्थ 'नवागंतुक' (Newcomer) है। इसका उपयोग अत्यधिक विषैले नर्व एजेंटों के रूप में किया जाता है जो कि जहरीली गैसों वीएक्स (VX) और सरीन (Sarin) से थोड़ा अलग है। नोविचोक एजेंट को अन्य विषैले पदार्थों की तुलना में 5 से 10 गुना अधिक घातक माना जाता है।
- नवंबर 2019 में हेग (नीदरलैंड) स्थित 'रासायनिक हथियार निषेध संगठन' (Organisation for the Prohibition of Chemical Weapons- OPCW) के सदस्यों ने नोविचोक एजेंटों को प्रतिबंधित श्रेणी में शामिल करने के लिये प्रतिबंधित रसायन सूची 'अनुसूची-1' में विस्तार करने पर सहमति व्यक्त की और यह प्रतिबंध 7 जून, 2020 से लागू हुआ। **अतः विकल्प ( b ) सही है।**

**18. ( a )**

**व्याख्या:**

- फालोक्रिप्टिस फहीमी (Phallocryptus Fahimii): क्रस्टेशिया की यह नई प्रजाति जीनस फालोक्रिप्टस (Phallocryptus) से संबंधित है। ईरानी संरक्षण जीवविज्ञानी 'हादी फहीमी' (Hadi Fahimi) के सम्मान में क्रस्टेशिया (Crustacea) की इस नई प्रजाति को फालोक्रिप्टिस फहीमी (Phallocryptus Fahimii) नाम दिया गया है। जिनकी वर्ष 2018 में एक हवाई जहाज़ दुर्घटना में मृत्यु हो गई थी। **अतः कथन 1 सही है।**

नोट :

- इसे पृथ्वी पर सबसे गर्म स्थान के रूप में प्रसिद्ध मरुस्थल दश्त-ए लुट (Dasht-e Lut) जो कि ईरान में विस्तारित है, से खोजा गया है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

19. (b)

**व्याख्या:**

- दश्त-ए-लुट (Dasht-e-Lut) एक विशाल लवणीय रेगिस्तान है जो ईरान के केरमान (Kerman) एवं सिस्तान (Sistan) तथा बलूचिस्तान (Baluchestan) प्रांतों में फैला हुआ है। यह दुनिया का 25वाँ सबसे बड़ा रेगिस्तान है और ईरान का दूसरा सबसे बड़ा रेगिस्तान है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- दश्त-ए-काविर (Dasht-e-Kavir) जिसे काविर-ए-नमक एवं ग्रेट साल्ट डेज़र्ट (Great Salt Desert) के रूप में भी जाना जाता है, ईरान का सबसे बड़ा मरुस्थल है।
- इसे 17 जुलाई, 2016 को यूनेस्को (UNESCO) की विश्व विरासत सूची में शामिल किया गया था। **अतः कथन 2 सही है।**
- वर्ष 2006 में नासा (NASA) ने इस रेगिस्तान का तापमान 70.7 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया था जो हाल के दिनों में बढ़कर 80.3 डिग्री सेल्सियस तक पहुँच गया है। गहरे कंकड़ (Dark Pebbles) जो गर्मी उत्पन्न करते हैं, इस अधिकतम तापमान के कारणों में से एक हैं। यहाँ औसत तापमान -2.6°C (सर्दियों में) से लेकर 50.4°C (गर्मियों में) तक होता है जबकि वार्षिक वर्षा 30 मिमी. प्रति वर्ष से अधिक नहीं होती है।
- यह 'रेगिस्तान की एफ्रो-एशियाई बेल्ट' (Afro-Asian Belt of Deserts) का एक हिस्सा है जो पश्चिम अफ्रीका के केप वर्डे द्वीपों (Cape Verde Islands) से लेकर मंगोलिया तक फैली हुई है। **अतः कथन 3 सही है।**

20. (b)

**व्याख्या:**

- G-20 की स्थापना वर्ष 1997 के पूर्वी एशियाई वित्तीय संकट के बाद वर्ष 1999 में यूरोपीय संघ और विश्व की 19 अन्य प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं के केंद्रीय बैंकों गवर्नरों तथा वित्त मंत्रियों के एक फोरम के रूप में की गई थी। **अतः कथन 1 सही है।**
- G-20 एक फोरम मात्र है, यह किसी स्थायी सचिवालय या स्थायी कर्मचारी के बिना कार्य करता है, प्रति वर्ष G-20 सदस्य देशों के बीच से इसके अध्यक्ष का चुनाव किया जाता है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- इस समूह में अर्जेंटीना, ऑस्ट्रेलिया, ब्राज़ील, कनाडा, चीन, यूरोपीय संघ, फ्राँस, जर्मनी, भारत, इंडोनेशिया, इटली, जापान, मैक्सिको, रूस, सऊदी अरब, दक्षिण अफ्रीका, दक्षिण कोरिया, तुर्की, ब्रिटेन और संयुक्त राज्य अमेरिका शामिल हैं।
- G-20 समूह के अध्यक्ष के रूप में सऊदी अरब का कार्यकाल 1 दिसंबर, 2019 को शुरू हुआ था जो 30 नवंबर, 2020 तक जारी रहेगा। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

21. (c)

**व्याख्या:**

- 'साइप्रस' (Cyprus) पूर्वी भू-मध्य सागर (Eastern Mediterranean) में अवस्थित एक द्वीपीय देश है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- वर्ष 1974 में राजनीतिक अस्थिरता के बीच तुर्की के आक्रमण के बाद से यह देश दो हिस्सों में विभाजित है। **अतः कथन 2 सही है।**
- वर्तमान में दक्षिण के ग्रीक बाहुल्य भाग की सरकार को ही अंतर्राष्ट्रीय मान्यता प्राप्त है जबकि उत्तर के तुर्क बाहुल्य क्षेत्र को सिर्फ तुर्की से एक स्वतंत्र देश की मान्यता प्राप्त है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

22. (b)

**व्याख्या:**

- वैश्विक नवाचार सूचकांक-2020 (Global Innovation Index-GII) में भारत को 48वाँ स्थान प्राप्त हुआ है, जिससे भारत पहली बार वैश्विक नवाचार सूचकांक (GII) में शीर्ष 50 देशों के समूह में शामिल हो गया है। **अतः कथन 1 सही है।**
- वैश्विक नवाचार सूचकांक (GII) की शुरुआत वर्ष 2007 में ऐसे तरीकों को खोजने के उद्देश्य से हुई थी जो समाज में नवाचार की समृद्धि को बेहतर ढंग से समझाने में समर्थ हों।

नोट :

- वैश्विक नवाचार सूचकांक (GII) का प्रकाशन प्रत्येक वर्ष कॉर्नेल यूनिवर्सिटी (Cornell University), इन्सीड बिज़नेस स्कूल (INSEAD Business School) और संयुक्त राष्ट्र के विश्व बौद्धिक संपदा संगठन (WIPO) द्वारा किया जाता है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- वैश्विक नवाचार सूचकांक-2020 में स्विट्ज़रलैंड को पहला स्थान प्राप्त हुआ है, जबकि स्वीडन और संयुक्त राज्य अमेरिका को क्रमशः दूसरा एवं तीसरा स्थान प्राप्त हुआ है। वहीं ब्रिटेन और नीदरलैंड इस सूचकांक में क्रमशः चौथे व पाँचवे स्थान पर मौजूद हैं। शीर्ष 10 स्थानों पर उच्च आय वाले देशों का वर्चस्व है।
- आय समूह के आधार पर शीर्ष 3 नवाचार अर्थव्यवस्थाओं में शामिल हैं:
  - हाई इनकम: स्विट्ज़रलैंड, स्वीडन और अमेरिका
  - अपर मिडिल इनकम: चीन, मलेशिया, बुल्गेरिया
  - लोअर मिडिल इनकम: वियतमान, यूक्रेन, इंडिया
  - लो इनकम: तंज़ानिया, रवांडा, नेपाल **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

**23. (d)**

**व्याख्या:**

- भारतीय भू-वैज्ञानिक सर्वेक्षण (GSI) भारत सरकार का एक प्रमुख भू-वैज्ञानिक संगठन है, जिसका मुख्य कार्य राष्ट्रीय भू-वैज्ञानिक संबंधी सूचना जारी करना तथा उन्हें अघतन करना और खनिज संसाधनों का मूल्यांकन करना है। यह भारत सरकार के खान मंत्रालय के तहत कार्य करता है।
- गौरतलब है कि हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने भू-विज्ञान और खनिज संसाधनों के क्षेत्र में सहयोग के लिये खनन मंत्रालय (Ministry of Mines) के तहत भारतीय भू-वैज्ञानिक सर्वेक्षण (GSI) तथा फिनलैंड के रोज़गार और आर्थिक मंत्रालय के तहत फिनलैंड भू-वैज्ञानिक सर्वेक्षण विभाग के बीच समझौता ज्ञापन को मंज़ूरी दी है। **अतः विकल्प (d) सही है।**

**24. (c)**

**व्याख्या:**

- गंगा डॉल्फिन विश्व भर की नदियों में पाई जाने वाली डॉल्फिन की पाँच प्रजातियों में से एक है। इस प्रकार की डॉल्फिन मुख्य तौर पर भारतीय उपमहाद्वीप खासतौर पर गंगा-ब्रह्मपुत्र-सिंधु-मेघना और कर्णाफुली-सांगू (Karnaphuli-Sangu) नदी तंत्र में पाई जाती हैं।
- भारत में ये असम, उत्तर प्रदेश, बिहार, मध्य प्रदेश, राजस्थान, झारखंड और पश्चिम बंगाल राज्यों में पाई जाती है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- वर्ष 1985 में गंगा एक्शन प्लान (Ganga Action Plan) की शुरुआत के बाद 24 नवंबर, 1986 को सरकार ने एक अधिसूचना के माध्यम से गंगा डॉल्फिन को भारतीय वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 की प्रथम अनुसूची में शामिल कर दिया था। **अतः कथन 2 सही है।**
- सरकार के इस कदम का उद्देश्य गंगा डॉल्फिन के संरक्षण को बढ़ावा देना और उनके लिये वन्यजीव अभयारण्यों जैसी संरक्षण सुविधाएँ प्रदान करना था। उदाहरण के लिये बिहार में विक्रमशिला गंगा डॉल्फिन अभयारण्य इसी अधिनियम के तहत स्थापित किया गया था।
- 5 अक्तूबर, 2009 को तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने राष्ट्रीय गंगा नदी बेसिन प्राधिकरण (NGRBA) की पहली बैठक की अध्यक्षता करते हुए गंगा डॉल्फिन को राष्ट्रीय जलीय जीव घोषित किया था। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

**25. (a)**

**व्याख्या:**

- भारतीय संसद में वर्तमान में कुल 24 विभागीय समितियाँ हैं, इनमें से 16 लोकसभा और 8 राज्यसभा के अंतर्गत कार्य करती हैं। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- प्रत्येक विभागीय समिति में अधिकतम 31 सदस्य (21 लोकसभा से और 10 राज्यसभा से) होते हैं। समिति में शामिल लोकसभा सदस्यों का मनोनयन लोकसभा स्पीकर तथा राज्यसभा सदस्यों का मनोनयन राज्यसभा के सभापति द्वारा किया जाता है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

- तदर्थ या अस्थायी समितियों का गठन किसी विशेष उद्देश्य के लिये किया जाता है। निर्धारित उद्देश्य की पूर्ति के बाद तदर्थ समिति को समाप्त कर दिया जाता है। **अत: कथन 3 सही है।**

**26. (b)**

**व्याख्या:**

- 'स्टार्ट-अप विलेज एंटरप्रेन्योरशिप प्रोग्राम' (Start-Up Village Entrepreneurship Programme- SVEP) दीनदयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्री य ग्रामीण आजीविका मिशन (Deendayal Antyodaya Yojana–National Rural Livelihoods Mission), केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा वर्ष 2016 में एक उप-योजना के रूप में लागू किया गया था। **अत: कथन 1 सही है जबकि कथन 3 सही नहीं है।**
- इसका उद्देश्य ग्रामीणों को गरीबी से बाहर निकालना, उद्यम स्थाथपना में मदद करना और उद्यमों के स्थिर होने तक उनको सहायता उपलब्ध कराना है। **अत: कथन 2 सही है।**
- SVEP, उद्यमों को प्रोत्सासहन देने के लिये वित्तीrय सहायता एवं व्यवसाय प्रबंधन में प्रशिक्षण तथा स्थाकनीय सामुदायिक कैडर बनाते समय स्व-रोज़गार अवसरों को उपलब्ध कराने पर ध्यान केंद्रित करता है।
- SVEP, ग्रामीण स्टार्ट-अप्स की तीन प्रमुख समस्याrओं (वित्त, इन्युोज् बेशन एवं कौशल पारिस्थितिक तंत्र) का निवारण करता है।

**27. (c)**

**व्याख्या:**

- व्यापार सुधार कार्य योजना (BRAP) के आधार पर राज्यों की रैंकिंग तय करने का कार्य वर्ष 2015 में शुरू किया गया था। **अत: कथन 1 सही है।**
- हाल ही में व्यापार सुधार कार्य योजना (Business Reform Action Plan- BRAP) के तहत कारोबारी सुगमता के आधार पर राज्यों की रैंकिंग के चौथे संस्करण की घोषणा की गई है। अब तक राज्यों की इस आधार पर रैंकिंग की सूची वर्ष 2015, 2016 एवं 2017-18 में जारी की गई थी। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- व्यापार सुधार कार्य योजना (BRAP) के तहत कारोबारी सुगमता के संदर्भ में आंध्रप्रदेश पिछले दो वर्षों से लगातार शीर्ष पर कायम है। जबकि व्यापार सुधार कार्य योजना (2018-19) में उत्तर प्रदेश ने पिछली बार (12वाँ स्थान ) की तुलना में इस बार दूसरा स्थान हासिल किया है। **अत: कथन 3 सही है।**

**28. (b)**

**व्याख्या:**

- बेलीज़ एक कैरिबियन देश है जो मध्य अमेरिका के उत्तर-पूर्वी तट पर अवस्थित है। बेलीज़ की सीमा उत्तर-पश्चिम में मैक्सिको से, पूर्व में कैरिबियन सागर (Caribbean Sea) से और दक्षिण एवं पश्चिम में ग्वाटेमाला (Guatemala) से लगती है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- बेलीज़ बैरियर रीफ (Belize Barrier Reef), कोरल रीफ की एक शृंखला है जो बेलीज़ के तट पर फैली हुई है। बेलीज़ बैरियर रीफ, 900 किलोमीटर लंबे 'मेसोअमेरिकन बैरियर रीफ सिस्टम' (Mesoamerican Barrier Reef System) का एक भाग है। मेसोअमेरिकन बैरियर रीफ सिस्टम (MBRS) जिसे ग्रेट मायन रीफ या ग्रेट माया रीफ के नाम से भी जाना जाता है, एक समुद्री क्षेत्र है जो युकाटन प्रायद्वीप में इस्ला कोंटॉय (Isla Contoy) से बेलीज़, ग्वाटेमाला एवं होंडुरस के खाड़ी द्वीप समूह तक 1000 किलोमीटर में फैला हुआ है। **अत: कथन 2 सही है।**
- बेलीज़ बैरियर रीफ को वर्ष 1996 में यूनेस्को (UNESCO) द्वारा विश्व धरोहर स्थल (World Heritage Site) घोषित किया गया था। **अत: कथन 3 सही है।**

नोट :

29. (b)

**व्याख्या:**

- प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र से आशय ऐसे क्षेत्रों से है जिन्हें भारत सरकार तथा भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा देश की बुनियादी ज़रूरतों के विकास के लिये महत्त्वपूर्ण माना जाता है। RBI द्वारा जारी 'प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र को ऋण' (Priority Sector Lending- PSL) की सूची में 8 क्षेत्रों (कृषि, 'सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम', निर्यात ऋण, शिक्षा, आवास, सामाजिक अवसंरचना, नवीकरणीय ऊर्जा, अन्य) को शामिल किया गया है। **अतः कथन 1 सही है।**
- भारतीय रिज़र्व बैंक के प्रावधानों के अनुसार, सभी व्यावसायिक बैंकों के लिये अपने कुल 'समायोजित निवल बैंक ऋण' का 40% PSL के लिये निर्धारित करना अनिवार्य है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

30. (c)

**व्याख्या:**

- गैर-सरकारी संस्थाओं को विदेशी अंशदान प्राप्त करने के लिये विदेशी अंशदान (विनियमन) अधिनियम (Foreign Contribution Regulation Act- FCRA) के तहत केंद्रीय गृह मंत्रालय में पंजीकरण कराना अनिवार्य होता है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- FCRA के तहत विदेशी अंशदान प्राप्त करने हेतु गैर-सरकारी संस्थाओं को प्राप्त लाइसेंस 5 वर्षों के लिये वैध होता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- विदेशी योगदान (विनियमन) संशोधन नियम, 2012 के अनुसार, किसी भी NGO को FCRA के तहत बिना पंजीकरण 25,000 रुपए तक का विदेशी अनुदान प्राप्त करने की अनुमति दी गई है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

31. (a)

**व्याख्या:**

- वैगन ट्रैजडी (Wagon Tragedy) ब्रिटिश सरकार द्वारा भारतीयों के खिलाफ अपनाई गई दमनकारी घटनाओं में से एक प्रमुख घटना थी।
- वैगन ट्रैजडी का संबंध मोपला विद्रोह से है। इस घटना में लगभग 60 मोपला कैदियों को रेल के मालवाहक डिब्बे/वैगन में बंद करके मौत के घाट उतार दिया गया था। **अतः विकल्प (a) सही है।**

32. (d)

**व्याख्या:**

- 'केशवानंद भारती बनाम केरल राज्य' वाद (वर्ष 1973) में दिये गए निर्णय को सर्वोच्च न्यायालय के सबसे महत्त्वपूर्ण निर्णयों में से एक माना जाता है क्योंकि इसके माध्यम से भारतीय संविधान की उस 'मूल संरचना' को निर्धारित किया गया, जिसे संसद द्वारा संशोधित नहीं किया जा सकता है।
- इस मामले में सर्वोच्च न्यायालय की 13-सदस्यीय खंडपीठ ने 7-6 से निर्णय दिया कि संसद को संविधान की मूल संरचना में परिवर्तन करने से रोका जाना चाहिये। जिसमें यह स्पष्ट किया कि संविधान के कुछ हिस्से इतने अंतर्निहित एवं महत्त्वपूर्ण हैं कि उन्हें संसद द्वारा संशोधित नहीं किया जा सकता है।
- सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि अनुच्छेद-368 जो कि संसद को संविधान में संशोधन करने की शक्तियाँ प्रदान करता है, के तहत संविधान की आधारभूत संरचना में बदलाव नहीं किया जा सकता है। **अतः विकल्प (d) सही है।**

33. (b)

**व्याख्या:**

- 'नॉर्ड स्ट्रीम 2' (Nord Stream 2) नामक ऊर्जा निर्यात परियोजना के तहत बाल्टिक सागर (Baltic Sea) के माध्यम से रूस से जर्मनी तक लगभग 1200 किलोमीटर की पाइपलाइन का निर्माण करना है।
- इस परियोजना का निर्माण पहले से ही निर्मित नॉर्ड स्ट्रीम के साथ-साथ किया जाएगा जिससे बाल्टिक सागर के माध्यम से प्रति वर्ष 110 बिलियन क्यूबिक मीटर तक गैस की मात्रा दोगुनी हो जाएगी।

**नोट :**

- इस परियोजना का प्रस्तावित मार्ग तीन अन्य देशों फिनलैंड, स्वीडन एवं डेनमार्क के प्रादेशिक जल एवं विशेष आर्थिक क्षेत्र (Exclusive Economic Zone- EEZ) से होकर गुजरता है।

**34. (d)**

**व्याख्या:**

- डोंगरिया कोंध (Dongria Kondh) जनजाति ओडिशा के रायगढ़ एवं कालाहांडी ज़िलों में नियामगिरी पहाड़ियों (Niyamgiri Hills) की ढलानों में निवास करती है। **अत: कथन 1 सही है।**
- भारत सरकार द्वारा इस जनजाति को एक विशेष रूप से कमज़ोर आदिवासी समूह (PVGTs) के रूप में वर्गीकृत किया गया है। **अत: कथन 2 सही है।**
- उल्लेखनीय है कि नियामगिरी पहाड़ियों के खड़े पहाड़ी ढलानों पर कृषि करने के लिये अत्यधिक श्रम की आवश्यकता होती है जो एक एकल परिवार के लिये संभव नहीं है इसलिये डोंगरिया कोंध जनजाति ने सभी परिवारों के कृषि कार्यों को पूरा करने के लिये श्रम सहकारी समितियों (Labour Cooperatives) की अवधारणा नामक एक नई स्वदेशी प्रणाली विकसित की। इस प्रणाली में पूरे समुदाय के श्रम को संलग्न करके सभी परिवारों के कृषि कार्यों को पूरा किया जाता है। सामुदायिक सदस्य कृषि लागत को कम करने के साथ-साथ सभी सदस्यों की गरिमा सुनिश्चित करने के लिये एक साथ कार्य करते हैं। सहकारी रूप से, युवा लड़के एवं लड़कियाँ, पुरुष, महिलाएँ एवं बुजुर्ग गाँव के खेतों व बागों में श्रम के मामले में समान रूप से योगदान करते हैं। **अत: कथन 3 सही है।**

**35. (b)**

**व्याख्या:**

- अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस (International Literacy Day) प्रतिवर्ष 8 सितंबर को मनाया जाता है। इसकी घोषणा पहली बार वर्ष 1966 में यूनेस्को (UNESCO) की आम सभा में की गई थी। **अत: कथन 1 सही है।**
- हाल ही में राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय ने देश में राज्यवार साक्षरता दर (वर्ष 2017-18 के लिये) जिसमें सात वर्ष या उससे अधिक आयु के व्यक्तियों को शामिल किया गया था, के आँकड़ों के संदर्भ में केरल (96.2% साक्षरता दर) के साथ पहले स्थान पर जबकि आंध्र प्रदेश (66.4% साक्षरता दर) के साथ सबसे निचले स्थान पर है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**

**36. (a)**

**व्याख्या:**

- दक्षिण अमेरिका (South America) की योनोमामी जनजाति (Yanomami Tribe) उत्तरी ब्राज़ील एवं दक्षिणी वेनेज़ुएला के वर्षावनों व पहाड़ों में निवास करती है। **अत: कथन 1 सही है।**
- वर्तमान में इस जनजाति की संख्या लगभग 38,000 है जो ब्राज़ील के लगभग 9.6 मिलियन हेक्टेयर और वेनेज़ुएला के 8.2 मिलियन हेक्टेयर क्षेत्र पर निवास करते हैं।
- ये लोग बड़े, गोलाकार घरों में रहते हैं जिन्हें यानोस (Yanos) या शाबोनोस (Shabonos) कहा जाता है जिनमें एक साथ लगभग 400 लोग रह सकते हैं। **अत: कथन 2 सही है।**
- यानोमामी सभी लोगों को समान मानते हैं, इस जनजाति समुदाय में मुख्य व्यक्ति की अवधारणा नहीं पाई जाती है। इनके सभी निर्णय लंबी चर्चा एवं बहस के बाद सर्वसम्मति पर आधारित होते हैं। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

**37. (b)**

**व्याख्या:**

- रोगन आर्ट (Rogan Art) एक प्राचीन कपड़ा कला है जिसकी उत्पत्ति फारस में हुई थी जो लगभग 300 वर्ष पहले भारत में गुजरात के कच्छ में प्रचलित हुई। 'रोगन' फारसी मूल का एक शब्द है जिसका अर्थ 'तेल' होता है। 'रोगन आर्ट' कपड़े पर पेंटिंग करने की तकनीक है जिसमें अरंडी के तेल और प्राकृतिक रंगों से बने एक समृद्ध, चमकीले रंग का उपयोग किया जाता है। अरंडी गुजरात के कच्छ में उगाई जाने वाली एक स्थानीय फसल है जिसे कलाकार मूल रूप से स्थानीय किसानों से प्राप्त करते थे। **अत: युग्म 1 सही नहीं है।**
- वारली चित्रकारी (Warli Painting) मनुष्य और प्रकृति के बीच घनिष्ठ संबंध को दर्शाती है। वारली पेंटिंग (Warli Painting) की उत्पत्ति महाराष्ट्र में हुई है, यह उत्तरी सह्याद्री में व्यापक रूप से वारली जनजाति द्वारा बनाई जाती है। **अत: युग्म 2 सही है।**

- कलमकारी चित्रकला: दक्षिण भारत के आंध्र प्रदेश में प्रचलित हस्त निर्मित यह चित्रकला सूती कपड़े पर रंगीन ब्लॉक से छापकर बनाई जाती है। इसमें सब्जियों के रंगों से धार्मिक चित्र बनाए जाते हैं। कलमकारी चित्र कहानी को कहते हैं। इनको बनाने वालों में अधिकतर महिलाएँ हैं। यह कला मुख्यतया भारत और ईरान में प्रचलित है। भारत में कलमकारी के मुख्यत: दो रूप विकसित हुए हैं-1. मछलीपट्टनम कलमकारी 2. श्रीकला हस्ति कलमकारी (आंध्र प्रदेश)। **अत: युग्म 3 सही है।**

**38. ( a )**

**व्याख्या:**

- हाल ही में रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (DRDO) ने 'हाइपरसोनिक टेक्नोलॉजी डिमॉन्स्ट्रेटर व्हीकल' (Hypersonic Technology Demonstrator Vehicle- HSTDV) का सफलतापूर्वक परीक्षण किया। HSTDV एक मानव रहित स्क्रैमजेट प्रमाणित विमान है जो हाइपरसोनिक गति से यात्रा कर सकता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- इसमें 'हाइपरसोनिक एयर-ब्रीदिंग स्क्रैमजेट' (Hypersonic Air-breathing Scramjet) तकनीक का उपयोग किया गया है।
- यह विमान ध्वनि की गति से 6 गुना अर्थात् मैक-6 के वेग से अपने इच्छित उड़ान पथ पर यात्रा कर सकता है। **अत: कथन 2 सही है।**
- एक मैक संख्या हवा में ध्वनि की गति की तुलना में एक विमान की गति का वर्णन करती है, जिसमें मैक-1 ध्वनि की गति के बराबर होता है यानि प्रति सेकंड 343 मीटर।
- संयुक्त राज्य अमेरिका, रूस और चीन के बाद भारत इस तकनीक को विकसित करने वाला दुनिया का चौथा देश बन गया है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

**39. ( c )**

**व्याख्या:**

- क्षोभमंडल में पाई जाने वाली ओज़ोन एक हानिकारक प्रदूषक होती है जो पर्यावरण एवं मानव दोनों के लिये हानिकारक है जिसके कारण इसे बैड ओज़ोन (Bad Ozone) भी कहा जाता है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- क्षोभमंडलीय ओज़ोन (Tropospheric Ozone) का निर्माण नाइट्रोजन ऑक्साइड (NOx) तथा वाष्पशील कार्बनिक यौगिकों (VOC) के बीच रासायनिक अभिक्रिया के कारण होता है। **अत: कथन 2 सही है।**
- क्षोभमंडलीय ओज़ोन पेड़-पौधों एवं मानव दोनों के लिये हानिकारक है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

**40. ( b )**

**व्याख्या:**

- हाल ही में 'रेलवे सुरक्षा बल' (Railway Protection Force- RPF) ने एक देशव्यापी अन्वेषण में एक अवैध सॉफ्टवेयर 'रियल मैंगो' (Real Mango) के संचालन को नाकाम किया है। इस अवैध सॉफ्टवेयर का उपयोग रेलवे में आरक्षण की पुष्टि के लिये किया जा रहा था। **अत: विकल्प ( b ) सही है।**
- रैनसमवेयर एक प्रकार का मैलवेयर (Malware) है। यह कंप्यूटर में ई-मेल या अन्य माध्यमों से पहुँचकर डेटा को ब्लॉक कर देता है। इससे यूज़र तब तक मौजूदा डेटा तक नहीं पहुँच पाता जब तक कि वह उसे 'अनलॉक' करने के लिये रैनसम (फिरौती) नहीं दे देता।

**41. ( a )**

**व्याख्या:**

- सामान्य श्वेत-उल्लू (टायटो अल्बा-Tyto Alba) उल्लुओं के टायटोनिडाइ (Tytonidae) परिवार से संबंधित है।
- यह प्रजाति भारतीय उपमहाद्वीप, ऑस्ट्रेलिया, अफ्रीका, यूरोप, दक्षिण पूर्व एशिया, मध्य-पूर्व, यूरोप, उत्तरी अमेरिका, दक्षिण अमेरिका और कैरिबियाई द्वीपों में पाई जाती है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- इसे IUCN की रेड लिस्ट में 'कम चिंताजनक' (Least Concern) श्रेणी के रूप में सूचीबद्ध किया गया है। **अत: कथन 2 सही है।**
- इसे भारतीय वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972 (Indian Wildlife Protection Act, 1972) की अनुसूची IV (Schedule IV) के तहत सूचीबद्ध किया गया है। **अत: कथन 3 सही है।**

**नोट :**

- उल्लेखनीय है कि कावारत्ती द्वीप (Kavaratti Island) पर 'बायोलॉजिकल कंट्रोल ऑफ रोडेंट्स' (Biological Control of Rodents) नामक एक पायलट प्रोजेक्ट के लिये लक्षद्वीप प्रशासन ने श्वेत उल्लुओं (Barn Owls) का उपयोग कर रहा है।

**42. (a)**

**व्याख्या:**

- 'फ्लाइंग वी' (Flying V) भविष्य के लिये ईंधन-कुशल लंबी दूरी का विमान है जिसके माध्यम से आने वाले समय में लोग यात्रा कर सकते हैं। यह विमान V-आकार में होने के कारण इसे 'फ्लाइंग वी' (Flying V) नाम दिया गया है।
- कंप्यूट्रीकृत गणना के अनुसार, आज के उन्नत हवाई जहाज़ों की तुलना में इस विमान के बेहतर वायुगतिकीय आकार और कम वजन से ईंधन की खपत में 20% की कमी आएगी। एक 'फ्लाइंग वी' एयरक्राफ्ट (Flying V Aircraft) लगभग 314 यात्रियों एवं 160 क्यूबिक मीटर की कार्गो क्षमता वहन कर सकता है। फ्लाइंग-वी विमान डिज़ाइन की मूल योजना तकनीकी विश्वविद्यालय, बर्लिन के एक छात्र जस्टस बेनाड (Justus Benad) ने दी है।
- हाल ही में डेल्फ्ट यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी (Delft University of Technology- TU Delft) के एक ड्रोन पायलट के साथ शोधकर्त्ताओं एवं इंजीनियरों की एक टीम ने 'फ्लाइंग वी' एयरक्राफ्ट (Flying V Aircraft) के स्केल किये गए मॉडल की पहली वास्तविक परीक्षण उड़ान का सफलतापूर्वक संचालन किया है। **अतः विकल्प (a) सही है।**

**43. (a)**

**व्याख्या:**

- भारत में वैश्विक बहुआयामी गरीबी सूचकांक (MPI) की निगरानी नीति आयोग द्वारा की जाती है।
- बहुआयामी गरीबी सूचकांक में 'गैर-आय आधारित आयामों' (Non-income Based Dimensions) के आधार पर गरीबी का मापन किया जाता है, ताकि गरीबी और अभाव की स्थिति का अधिक व्यापक मूल्यांकन किया जा सके।
- इस सूचकांक को 'संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम' (United Nations Development Programme- UNDP) और 'ऑक्सफोर्ड गरीबी एवं मानव विकास पहल' (Oxford Poverty and Human Development Initiative- OPHI) द्वारा विकसित किया गया है।
- इसे UNDP के 'मानव विकास रिपोर्ट कार्यालय' द्वारा प्रकाशित किया जाता है।
- भारत में 'वैश्विक बहुआयामी गरीबी सूचकांक' (Global Multidimensional Poverty Index- MPI) की निगरानी करने के लिये 'नीति आयोग' (NITI Aayog) द्वारा राष्ट्रीय फ्रेमवर्क का निर्माण किया जा रहा है । **अतः विकल्प (a) सही है।**

**44. (b)**

**व्याख्या:**

- वर्ष 2020 में पहली बार विश्व स्तर पर 'इंटरनेशनल डे ऑफ क्लीअन एयर फॉर ब्लू2 स्का ई' (International Day of Clean Air for Blue Skies) का आयोजन किया गया। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- इस दिवस का मुख्य उद्देश्य सभी स्तरों यथा- व्यक्ति, समुदाय, निगम और सरकार आदि पर इस संबंध में जन जागरूकता बढ़ाना है कि स्वच्छ हवा स्वास्थ्य, उत्पादकता, अर्थव्यवस्था और पर्यावरण की दृष्टि से काफी महत्त्वपूर्ण है। साथ ही इस दिवस का उद्देश्य वायु गुणवत्ता जैसे महत्त्वपूर्ण विषय पर कार्य करने वाले विविध अंतर्राष्ट्रीय हितधारकों को एक साथ लाने के लिये एक रणनीतिक गठबंधन तैयार करना भी है ताकि प्रभावी वायु गुणवत्ता प्रबंधन के लिये राष्ट्रीय, क्षेत्रीय और अंतर्राष्ट्रीय दृष्टिकोणों को गति मिल सके। **अतः कथन 2 सही है।**
- संयुक्त राष्ट्र महासभा ने अपने 74वें सत्र के दौरान 19 दिसंबर, 2019 को 'इंटरनेशनल डे ऑफ क्ली न एयर फॉर ब्लूस स्कादई' आयोजित करने का संकल्प अपनाया था।
- वर्ष 2020 के दिवस की थीम 'क्लीन एयर फॉर ऑल' (Clean Air for All) रखी गई है।

**45. (a)**

**व्याख्या:**

- ईज़ (Enhanced Access and Service Excellence-EASE) सूचकांक 'भारतीय बैंक संघ' (Indian Banks' Association-IBA) और बॉस्टन कंसल्टिंग ग्रुप (Boston Consulting Group- BCG) के सहयोग से तैयार किया जाता है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**

नोट :

- ईज़ सुधारों (EASE Reforms) की शुरुआत वर्ष 2018 में की गई थी। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- ईज़ 2.0 में 6 विषयों (जिम्मेदार बैंकिंग, ग्राहक जवाबदेही, उद्यममित्र के रूप में पीएसबी, गहन वित्तीय समावेशन, ऋण वितरण प्रशासन एवं एचआर) को शामिल किया गया है। **अतः कथन 3 सही है।**

**46. (b)**

**व्याख्या:**

- ब्रैडीकिनिन (Bradykinin) एक यौगिक है जो दर्द संवेदना और मानव शरीर में रक्तचाप को कम करने से संबंधित है। हाल ही में अमेरिका स्थित 'ओक रिज़ नेशनल लेबोरेटरी' (Oak Ridge National Laboratory- ORLN) के वैज्ञानिकों के समूह ने COVID-19 संक्रमण के कुछ मामलों में मरीज़ों के स्वास्थ्य में तीव्र गिरावट के लिये 'ब्रैडीकिनिन स्टॉर्म' (Bradykinin Storm) को उत्तरदायी बताया है। ब्रैडीकिनिन के कारण रक्त वाहिकाओं के आकार में वृद्धि हो जाती है और उनमें रक्त का रिसाव होने लगता है जिससे इसके आसपास के ऊतकों में सूजन हो जाती है। **अतः विकल्प (b) सही है।**

**47. (a)**

**व्याख्या:**

- 'वैभव प्रोटानिल्ला' (Vaibhav's Protanilla) गोवा के नेत्रावली वन्यजीव अभयारण्य (Netravali Wildlife Sanctuary) से खोजी गई लगभग 2.5 मिमी. लंबी चींटी की एक नई प्रजाति है।
- वैभव प्रोटानिल्ला को प्रोटानिल्ला नामक चींटियों के एक दुर्लभ समूह में स्थान दिया गया है, अभी तक इस समूह से संबंधित सिर्फ 12 चींटी प्रजातियाँ ही ज्ञात थीं। चींटियों का यह समूह विशेष रूप से भूमिगत रहता है और इसे भूमि के ऊपर शायद ही कभी देखा जाता है।
- यह प्रजाति पीले-नारंगी रंग की है और इसलिये इसका नाम लैटिन भाषा में 'फ्लेम्मा' (flamma) रखा गया है जिसका पूरा वैज्ञानिक नाम 'प्रोटानिला फ्लैम्मा' (Protanilla flamma) है। यह प्रजाति पूरी तरह से अंधी है और अपने अंधेरे भूमिगत क्षेत्र में नेवीगेशन के लिये स्पर्श प्रतिक्रिया एवं रासायनिक संकेतों पर निर्भर करती है। इन चींटियों को छोटे आकार की कॉलोनियों में रहने के लिये जाना जाता है और ये अन्य छोटे कीड़ों का शिकार करती हैं। **अतः विकल्प (a) सही है।**

**48. (d)**

**व्याख्या:**

- नेत्रावली वन्यजीव अभयारण्य पूर्वी गोवा के सुंगुम तालुका में काली नदी के बेसिन में स्थित है। नेत्रावली वन्यजीव अभयारण्य के उत्तर में भगवान महावीर वन्यजीव अभयारण्य और दक्षिण में कोटिगाओ वन्यजीव अभयारण्य स्थित है।
- कोटिगाओ वन्यजीव अभ्यारण्य दक्षिणी गोवा के कैनाकोना तालुका (Canacona Taluka) में स्थित है। कोटिगाओ वन्यजीव अभयारण्य की स्थापना वर्ष 1968 में की गई थी।
- भगवान महावीर वन्यजीव अभयारण्य को पश्चिमी घाट में जैव विविधता की रक्षा के लिये बनाया गया था। इसे मूल रूप से मोलेम गेम अभयारण्य (Mollem Game Sanctuary) के रूप में जाना जाता है किंतु वर्ष 1969 में वन्यजीव अभयारण्य घोषित किये जाने के बाद इसे भगवान महावीर वन्यजीव अभयारण्य नाम दिया गया। इस अभयारण्य के मुख्य क्षेत्र की लगभग 107 वर्ग किमी. भूमि को वर्ष 1978 में राष्ट्रीय उद्यान घोषित किया गया था और इसे मोलेम नेशनल पार्क (Mollem National Park) के रूप में जाना जाता है। यहाँ का मुख्य आकर्षण दूधसागर जलप्रपात मांडवी नदी पर स्थित है। **अतः विकल्प (d) सही है।**

**49. (c)**

**व्याख्या:**

- केंद्रीय पोत परिवहन मंत्रालय के तहत सरोद-पोर्ट्स (SAROD Ports: Society for Affordable Redressal of Disputes Ports) अर्थात् 'विवादों के किफायती समाधान के लिये समिति' की स्थापना सोसाइटी पंजीकरण अधिनियम, 1860 के तहत की गई है। **अतः कथन 1 सही है।**
- इसका उद्देश्य न्यायपूर्ण तरीके से विवादों का किफायती एवं समयबद्ध समाधान करना तथा मध्यस्थों के रूप में तकनीकी विशेषज्ञों के पैनल के साथ विवाद समाधान तंत्र का संवर्द्धन करना है।

नोट :

- सरोद-पोर्ट्स समुद्री क्षेत्र में मध्यस्थों के माध्यम से विवादों के निपटान में सलाह एवं सहायता प्रदान करेंगे जिनमें प्रमुख सार्वजनिक बंदरगाह एवं निजी बंदरगाह, जेटी, टर्मिनल, गैर-प्रमुख बंदरगाह, पोर्ट एवं शिपिंग क्षेत्र शामिल हैं।
- सरोद-पोर्ट्स में 'इंडियन पोर्ट्स एसोसिएशन' (Indian Ports Association- IPA) और 'इंडियन प्राइवेट पोर्ट्स एंड टर्मिनल्स एसोसिएशन' (Indian Private Ports and Terminals Association- IPTTA) के सदस्य शामिल हैं। **अत: कथन 2 सही है।**

**50. (d)**

**व्याख्या:**

- भारत वर्ष 2016 में संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ 'लॉजिस्टिक्स एक्सचेंज मेमोरेंडम ऑफ एग्रीमेंट' (LEMOA) में शामिल हुआ जो भारत को जिबूती, डिएगो गार्सिया, गुआम और सुबिक की खाड़ी में पहुँच प्रदान करता है।
- 4 जून, 2020 ऑस्ट्रेलिया के साथ किया गया 'आपूर्ति एवं सेवाओं के पारस्परिक प्रावधान' (Mutual Logistics Support Arrangement-MLSA) समझौता भारत को दक्षिणी हिंद महासागर क्षेत्र के साथ-साथ पश्चिमी प्रशांत क्षेत्र में अपने युद्धपोतों की पहुँच बढ़ाने में मदद करेगा।
- हाल ही में भारत और जापान ने भारत के सशस्त्र बलों तथा जापान के आत्मसरक्षा बलों के मध्य आपूर्ति एवं सेवाओं के पारस्पिरिक प्रावधान (MLSA) के अनुबंध पर हस्तोक्षर किये हैं। **अत: विकल्प (d) सही है।**

**51. (b)**

**व्याख्या:**

- पलक्कड़ ड्वार्फ गेच्को (Palakkad Dwarf Gecko) या स्नेमास्पिस पलक्कडेंसिस (Cnemaspis Palakkadensis) केरल के पलक्कड (Palakkad) में एक पर्यटन स्थल अन्नकल (Annakal) से खोजी गई छिपकली की एक प्रजाति है।
- यह प्रजाति, छिपकली की स्नेमास्पिस लिट्टोरालिस (Cnemaspis Littoralis) प्रजाति से काफी मिलती-जुलती है, ये दोनों प्रजातियाँ एक ही जीनस 'स्नेमास्पिस' (Cnemaspis) से संबंधित हैं। हालाँकि ये दोनों अनुवांशिक रूप से अलग हैं।
- 'कोस्टल डे गेच्को' (Coastal Day Gecko) या 'स्नेमास्पिस लिट्टोरालिस' (Cnemaspis Littoralis) को वर्ष 1854 में ब्रिटिश प्राणी विज्ञानी थॉमस सी जेरडॉन (Thomas C Jerdon) ने खोजा था। **अत: विकल्प (b) सही है।**

**52. (c)**

**व्याख्या:**

- वर्ष 1938 में इस विदेशी एजेंट्स पंजीकरण अधिनियम (Foreign Agents Registration Act– FARA) को संयुक्त राज्य अमेरिका में फासीवाद के प्रसार को रोकने के लिये लागू किया गया था। **अत: कथन 1 सही है।**
- इस अधिनियम के अंतर्गत विदेशी एजेंटों को अमेरिकी जस्टिस डिपार्टमेंट के तहत पंजीकृत कराना तथा अपनी गतिविधियों को जनता के सामने बताना अनिवार्य है। इस अधिनियम के तहत राजनैतिक या अर्द्ध-राजनीतिक क्षमता के साथ विदेशी शक्तियों के हितों का प्रतिनिधित्त्व करने वाले एजेंटों को भी विदेशी सरकार के साथ अपने संबंधों एवं संबंधित वित्त के बारे में जानकारी का खुलासा करना होता है।
- FARA, संयुक्त राज्य अमेरिका में विदेशी प्रभाव तथा राष्ट्रीय सुरक्षा हेतु खतरों की पहचान करने के लिये एक महत्त्वपूर्ण अधिनियम है। इस अधिनियम का मुख्य उद्देश्य संयुक्त राज्य अमेरिका के भीतर विदेशी प्रभाव के संबंध में पारदर्शिता को बढ़ावा देना है। **अत: कथन 2 सही है।**

**53. (a)**

**व्याख्या:**

- एम-सेसेशन (mCessation) तंबाकू छोड़ने के लिये मोबाइल प्रौद्योगिकी पर आधारित एक पहल है। इसमें तंबाकू को छोड़ने के इच्छुक व्यक्ति और कार्यक्रम से जुड़े विशेषज्ञों के बीच दो-तरफा मैसेजिंग का उपयोग किया जाता है और लोगों को व्यापक सहयोग प्रदान किया जाता है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- 'एम-सेसेशन' (mCessation) कार्यक्रम की शुरुआत भारत सरकार द्वारा वर्ष 2016 में डिजिटल इंडिया पहल के तहत की गई थी। **अत: कथन 2 सही है।**

**54. (a)**

**व्याख्या:**

- वन सलाहकार समिति (Forest Advisory Committee- FAC), वन (संरक्षण) अधिनयम, 1980 के तहत स्थापित एक संविधिक निकाय है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- FAC 'केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय' (Ministry of Environment, Forest and Climate Change-MOEF&CC) के अंतर्गत कार्य करती है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के वन महानिदेशक इस समिति के अध्यक्ष होते हैं। **अत: कथन 3 सही है।**

**55. (a)**

**व्याख्या:**

- ब्लैक होल में 'इवेंट होराइज़न' वह बिंदु होता है जहाँ ब्लैक होल का संपूर्ण द्रव्यमान एकत्रित हो जाने के कारण गुरुत्वाकर्षण बहुत अधिक हो जाता है।
- यदि इवेंट होराइज़न के भीतर किसी वस्तु से प्रकाश उत्पन्न होता है तो अधिक गुरुत्वाकर्षण के कारण वह इवेंट होराइज़न की सीमा के भीतर ही रहता है। इससे प्रकाश के बाहर नहीं निकल सकने के कारण ही हमें ब्लैक होल दिखाई नहीं देते हैं। **अत: विकल्प (a) सही है।**

**56. (b)**

**व्याख्या:**

- 12 सितंबर, 2020 को व्यापार करने में आसानी को बढ़ावा देने के लिये निपटान ढाँचा जिसे सिंगापुर कन्वेंशन ऑन मिडिएशन (Singapore Convention on Mediation) भी कहा जाता है, लागू हो गया।
- इसे 'यूनाइटेड नेशंस कंवेंशन ऑन इंटरनेशनल सेटलमेंट एग्रीमेंट रिज़ल्टिंग फ्रॉम मेडिएशन' (United Nations Convention on International Settlement Agreements Resulting from Mediation) के नाम से भी जाना जाता है। यह सिंगापुर के नाम पर होने वाली संयुक्त राष्ट्र की पहली संधि भी है।
- संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 20 दिसंबर, 2018 को अंतर्राष्ट्रीय समाधान समझौतों पर संयुक्त राष्ट्र संधि को अपनाया था।
- यह संधि मध्यस्थता के परिणामस्वरूप होने वाले अंतर्राष्ट्रीय समाधान समझौतों को लागू करने के लिये एक समान और कुशल तंत्र उपलब्ध कराती है। **अत: विकल्प (b) सही है।**

**57. (c)**

**व्याख्या:**

- कोई गैस, गैस हाइड्रेट में तब परिवर्तित होती है जब मीथेन जैसी गैस जल के क्रिस्टलीय अणुओं के बीच आ जाती है। स्थल पर गैस हाइड्रेट प्राकृतिक रूप से समुद्र के अंदर और ग्लेशियरों में उच्च दबाव एवं कम तापमान की स्थिति में बनते हैं।
- मीथेन हाइड्रेट का निर्माण उस समय होता है जब महासागरों में उच्च दबाव एवं कम तापमान पर हाइड्रोजन-बांडेड जल एवं मीथेन गैस एक-दूसरे के संपर्क में आते हैं। मीथेन एक स्वच्छ एवं किफायती ईंधन है। माना जाता है कि एक घन मीटर मीथेन हाइड्रेट में 160-180 घन मीटर मीथेन होता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- $CO_2$ हाइड्रेट एक बर्फ जैसा क्रिस्टलीय पदार्थ है जो ठोस जल और कार्बन डाई ऑक्साइड के मिलने से बनता है। **अत: कथन 2 सही है।**

**58. (b)**

**व्याख्या:**

- राष्ट्रभाषा प्रचार समिति, वर्धा के आग्रह पर वर्ष 1953 से पूरे भारत में 14 सितंबर को हिंदी दिवस मनाया जाता है। पहला हिंदी दिवस 14 सितंबर 1953 को मनाया गया था। **अत: कथन 1 सही है।**
- 14 सितंबर, 1949 संविधान सभा ने भारत संघ की आधिकारिक भाषा के रूप में हिंदी भाषा को स्वीकृति दी जिसे भारत के संविधान द्वारा अनुमोदित किया गया था जो 26 जनवरी, 1950 को लागू हुआ था। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 343 के तहत देवनागरी लिपि में लिखी गई हिंदी को आधिकारिक भाषा के रूप में अपनाया गया। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**

नोट :

59. ( b )

**व्याख्या:**

- मालदीव (Maldives), हिंद महासागर में अवस्थित है। **अत: कथन 1 सही है।**
- मालदीव वर्ष 2017 में चीन के 'बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव परियोजना (Belt and Road initiative- BRI) समझौते पर हस्ताक्षर के बाद इस परियोजना का हिस्सा बन गया था। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- मालदीव बिम्सटेक (BIMSTEC) समूह का हिस्सा नहीं है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

60. ( b )

**व्याख्या:**

- केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (CISF) का गठन 'केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल अधिनियम, 1968' के तहत 10 मार्च, 1969 को किया गया था। **अत: कथन 1 सही है।**
- 'केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल अधिनियम, 1968' की धारा-11 के अनुसार, कुछ मामलों में CISF के सदस्यों को बिना मजिस्ट्रेट के आदेश या वारंट के किसी व्यक्ति को गिरफ्तार करने का अधिकार प्राप्त है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा हाल ही में राज्य के महत्त्वपूर्ण सरकारी एवं निजी भवनों, और औद्योगिक प्रतिष्ठानों की सुरक्षा हेतु CISF की तरह ही 'उत्तर प्रदेश विशेष सुरक्षा बल' (Uttar Pradesh Special Security Force- UPSSF) नामक एक सुरक्षा बल की स्थापना का निर्णय लिया गया है हालाँकि यह CISF से संबंधित नहीं है। UPSSF की स्थापना 'उत्तर प्रदेश विशेष सुरक्षा बल अधिनियम, 2020' की जाएगी। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

61. ( d )

**व्याख्या:**

- मेकेदातु परियोजना एक प्रकार की 'मेकेदातु संतुलन भंडार' (Mekedatu Balancing Reservoir) है जिसे पीने के पानी के लिये भंडारण करने हेतु प्रस्तावित किया गया है। इस परियोजना का निर्माण कर्नाटक के रामनगरम ज़िले के कनकपुरा के पास कावेरी नदी किया जाएगा। **अत: कथन 1 सही है।**
- मेकेदातु परियोजना एक गुरुत्त्व बांध है जो मेकेदातु में 67.16 टीएमसी जल संग्रहित करेगा। इसमें से 4.75 टीएमसी जल की आपूर्ति पेयजल के उद्देश्य से बंगलुरु को की जाएगी। **अत: कथन 2 सही है।**
- यह परियोजना कर्नाटक और तमिलनाडु के बीच विवाद का एक प्रमुख कारण है क्योंकि इसे कावेरी नदी पर बनाया जा रहा है जो दोनों राज्यों के लिये पानी के सबसे महत्त्वपूर्ण स्रोतों में से एक है। इस परियोजना के निर्माण से कावेरी वन्यजीव अभयारण्य की 50 वर्ग किमी. की वन भूमि जलमग्न हो जाने की संभावना है। **अत: कथन 3 सही है।**

62. ( c )

**व्याख्या:**

- जीन एडिटिंग का उद्देश्य जीन थेरेपी है जिससे खराब जीन को निष्क्रिय किया जा सके या किसी अच्छे जीन के लापता होने की स्थिति में उसकी आपूर्ति की जा सके।
- क्रिस्पर-कैस 9 (CRISPR-Cas9) एक ऐसी तकनीक है जो वैज्ञानिकों को अनिवार्य रूप से डीएनए काटने और जोड़ने की अनुमति देती है, जिससे रोग के लिये आनुवंशिक सुधार की उम्मीद बढ़ जाती है।
- क्रिस्पर (Clustered Regualarly Interspaced Short Palindromic Repeats) डीएनए के हिस्से हैं, जबकि कैस-9 (CRISPR-ASSOCIATED PROTEIN9-Cas9) एक एंजाइम है। हालाँकि इसके साथ सुरक्षा और नैतिकता से संबंधित चिंताएँ जुड़ी हुई हैं। **अत: विकल्प ( c ) सही है।**

नोट :

63. ( b )

व्याख्या:

- किसी वित्तीय वर्ष के लिये सरकार द्वारा निर्धारित व्यय को पूरा करने के लिये आवश्यक अतिरिक्त अनुदान को अनुपूरक अनुदान (Supplementary Grants) कहा जाता है। जब संसद द्वारा अधिकृत अनुदान आवश्यक व्यय से कम हो जाता है तो उस स्थिति में संसद के समक्ष अतिरिक्त अनुदान के लिये एक अनुमान प्रस्तुत किया जाता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- अतिरिक्त अनुदान (Additional Grants), 'अनुपूरक अनुदान' (Supplementary Grants) से भिन्न होता है। अतिरिक्त अनुदान उस समय प्रदान किया जाता है जब सरकार को उस वर्ष के वित्तीय विवरण में परिकल्पित/अनुध्यात की गई सेवाओं के अतिरिक्त किसी नई सेवा के लिये धन की आवश्यकता होती है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- भारतीय संविधान के अनुच्छेद-115 के तहत अनुपूरक अनुदान का निर्धारण किया गया है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

64. ( b )

व्याख्या:

- 'शंघाई फाइव' (Shanghai Five) समूह का गठन 26 अप्रैल, 1996 को किया गया था। **अतः कथन 1 सही है।**
- 'शंघाई फाइव' समूह के संस्थापक सदस्य रूस, चीन, कजाकिस्तान, किर्गिस्तान और तजाकिस्तान थे, थाईलैंड इस समूह का हिस्सा नहीं रहा है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- जून 2001 में 'शंघाई फाइव' (Shanghai Five) के विस्तार के माध्यम से शंघाई सहयोग संगठन (Shanghai Cooperation Organisation- SCO) की स्थापना की गई थी। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

65. ( C )

व्याख्या:

- भारत सरकार द्वारा वर्ष 2015 में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक का आधार वर्ष 2010 से परिवर्तित कर वर्ष 2012 कर दिया गया। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- उपभोक्ता मूल्य सूचकांक सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के अंतर्गत राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (NSO) द्वारा ग्रामीण, शहरी और संयुक्त सूचकांकों के रूप में जारी किये जाते हैं। **अतः कथन 2 और 3 सही है।**

नोट :